आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

# दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास

वर्ष : 5 | अंक : 228 | हापुड़ , बुधवार 5 मार्च 2025 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज: 06



## महिला समृद्धि योजना के पूरा न होने का आरोप, 'आप' ने किया प्रदर्शन

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) ने भारतीय जनता पार्टी की महिला समृद्धि योजना के तहत महिलाओं को 2,500 रुपये देने के वादे को पूरा न करने को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन दिल्ली के मंडी हाउस पर आयोजित किया गया, जहां 'आप' के नेता हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर सड़कों पर उतरे और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा ने जो वादा दिल्ली की महिलाओं से किया था, वह अब तक पूरा नहीं हुआ है। पार्टी की नेता आतिशी ने कहा कि भाजपा ने घोषणा की थी कि 8 मार्च तक महिलाओं के खातों में 2500 आ जाएंगे, लेकिन अब तक इस योजना






को मंजूरी नहीं दी गई है। उन्होंने यह सवाल उठाया कि बिना कैबिनेट की मंजूरी के यह योजना कैसे लागू हो सकती है। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि केवल चार दिन बाकी हैं, लेकिन भाजपा ने अपना पहला वादा पूरा नहीं किया है, जो उनके द्वारा किया गया था। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की सरकार केवल जुमलेबाजी करती है और दिल्ली की जनता के साथ किए गए वादे को नकारा जा रहा है। आम आदमी पार्टी ने यह भी कहा कि महिला समृद्धि योजना को पहले कैबिनेट में मंजूरी दी जानी चाहिए थी, लेकिन भाजपा ने इसे मंजूरी नहीं दी। पार्टी का कहना है कि भाजपा दिल्लीवालों से किए गए वादों को पूरा करने में नाकाम रही है, और अब वह सरकार से इस मुद्दे पर जवाब मांग रही है। प्रदर्शनकारियों ने 'बस चार दिन बाकी है' के नारे के साथ भाजपा से सवाल किया कि आखिरकार महिलाओं को 2500 कब मिलेंगे।

'आप' ने भाजपा पर दबाव डालते हुए कहा कि अगर भाजपा को अपनी योजनाओं को सही तरीके से लागू करना है तो उसे अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

इस प्रदर्शन के माध्यम से आम आदमी पार्टी ने भाजपा सरकार से यह सुनिश्चित करने की मांग की कि दिल्ली की महिलाओं को समय पर वादा किया गया 2500 मिल सके।

## सूचना का अधिकार कानून को कमजोर कर रही है मोदी सरकार- खरगे



नई दिल्ली । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार पर डेटा संरक्षण कानून के नाम पर सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि उन लोगों के नाम सार्वजनिक किये जाने चाहिए जिन्होंने राशन कॉर्ड, मनरेगा तथा जन-कल्याण की योजनाओं में घोटाला किया है और सरकारी बैंकों से ऋण लेकर विदेश भागे हैं। श्री खरगे ने कहा, एक तरफ़ गलत सूचना और भरमाने वाली सूचना देने में भारत पिछले वर्षों से शीर्ष स्थान पर आ रहा है, दूसरी तरफ़ मोदी सरकार पहले कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार द्वारा लागू किए गए सूचना के अधिकार आरटीआई को डेटा संरक्षण क़ानून लाकर कमज़ोर करने पर तुली हुई है। चाहे सार्वजनिक क्षेत्र की जानकारी जैसे राशन कॉर्ड की सूची, मनरेगा के लाभार्थी मज़दूर, जन-कल्याण की योजनाओं में शामिल लोगों के नाम, चुनाव में वोटर लिस्ट या फ़िर सरकारी बैंकों से लोन लेकर विदेश भागने वाले घोटालेबाज़ अरबपतियों के नाम—इन सबके नाम जनता के लिए सार्वजनिक रूप में सामने होना ज़रूरी है। पर अब मोदी सरकार डेटा संरक्षण के नाम पर आररटीआई को कमज़ोर कर रही है, जिससे ऐसे नाम अब सार्वजनिक नहीं हो पाएंगे। निजता का अधिकार एक मूलभूत अधिकार है और कांग्रेस ने उसके लिए लड़ाई लड़ी है, पर जहाँ सार्वजनिक कल्याण की बात आती है सूचना का अधिकार ज़रूरी है ।उन्होंने कहा, कांग्रेस की आरटीआई में भी निजता के अधिकार का ध्यान रखा गया था, पर इसका मतलब ये नहीं कि लाभार्थी की सूची या घोटालेबाज़ों के नाम सार्वजनिक ना किए जाएँ। कांग्रेस पार्टी आरटीआई को कमज़ोर नहीं होने देगी, हमने पहले भी इसके लिए आवाज़ उठाई है, और सड़क से संसद तक आवाज़ उठाते रहेंगे। इस तानाशाही सरकार से जन-जन के अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए लड़ते रहेंगे।

## मुस्लिमों के साथ धार्मिक मामलों में सौतेला रवैया न्यायसंगत नहीं – मायावती




लखनऊ ।उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा प्रमुख मायावती ने मंगलवार को केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने दोनों ही सरकारों पर मुस्लिमों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुस्लिमों के साथ धार्मिक मामलों में सौतेला व्यवहार न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने इस संबंध में अपने सोशल मीडिया 'एक्स' हैंडल पर दो पोस्ट भी किए। अपने पहले पोस्ट में उन्होंने लिखा, भारत सभी धर्मों को सम्मान देने वाला धर्मनिरपेक्ष देश है। उन्होंने आगे लिखा, ऐसे में केंद्र व राज्य सरकारों को बिना पक्षपात के सभी धर्मों को मानने वालों के साथ एक जैसा बर्ताव करना चाहिए, किन्तु अब मुसलमानों के साथ धार्मिक मामलों में भी जो सौतेला रवैया अपनाया जा रहा है, यह न्यायसंगत नहीं ।उन्होंने अपने दूसरे पोस्ट में कहा, साथ ही, सभी धर्मों के पर्व-त्योहारों आदि को लेकर पाबंदियां व छूट से संबंधित जो नियम-कानून हैं, उन्हें बिना पक्षपात एक जैसा लागू होना चाहिए, जो ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है।卐 उन्होंने कहा कि इससे समाज में शांति व आपसी सौहार्द बिगड़ना स्वाभाविक है, जो अति-चिंतनीय है। सरकारें इस ओर जरूर ध्यान दें। मायावती ने इससे पहले तीन मार्च को अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निकाल दिया था। इसकी जानकारी मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए दी थी। उन्होंने कहा था कि आकाश आनंद को, उनके ससुर की तरह, पार्टी और मूवमेंट के हित में पार्टी से निष्कासित किया जाता है। एक दिन पहले ही रविवार को मायावती ने आकाश को नेशनल कोऑर्डिनेटर सहित सारे पदों से हटाया था। मायावती ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा था, बीएसपी की ऑल इंडिया की बैठक में रविवार को आकाश आनंद को पार्टी हित से अधिक पार्टी से निष्कासित अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में लगातार बने रहने के कारण नेशनल कोऑर्डिनेटर सहित सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था, जिसका उसे पश्चाताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी। लेकिन, इसके विपरीत आकाश ने जो अपनी लंबी-चौड़ी प्रतिक्रिया दी है, वह उसके पछतावे और राजनीतिक मैच्योरिटी का नहीं, बल्कि उसके ससुर के ही प्रभाव वाला ज्यादातर स्वार्थी, अहंकारी व गैर-मिशनरी है, जिससे बचने की सलाह, मैं पार्टी के ऐसे सभी लोगों को देने के साथ दंडित भी करती रही हूं। बसपा प्रमुख मायावती ने आगे लिखा था, अतः परमपूज्य बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान मूवमेंट के हित में तथा मान्यवर कांशीराम जी की अनुशासन की परंपरा को निभाते हुए आकाश आनंद को, उनके ससुर की तरह, पार्टी व मूवमेंट के हित में पार्टी से निष्कासित किया जाता है।

इससे पहले मायावती ने रविवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश सहित ऑल इंडिया के सभी छोटे-बड़े पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए थे। उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को सभी पद से हटाया था।

## सपा डॉ. लोहिया के मूल्यों और आदर्शों से बहुत दूर जा चुकी है – योगी

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा डॉ. लोहिया का नाम तो लेती है, लेकिन वह उनके मूल्यों और आदर्शों से बहुत दूर जा चुकी है। योगी ने उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के नौवें दिन विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के सामान्य बजट पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय का जवाब देते हुए कहा, मुझे अच्छा लगा कि नेता प्रतिपक्ष ने अपनी बात को दार्शनिक अंदाज में राम मनोहर लोहिया के अनुयायी के रूप में रखने का प्रयास किया, लेकिन वे खुद उसका आचरण कर पाते हैं या नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं उन्हें सुझाव नहीं दे सकता, क्योंकि वह उम्र में काफी बड़े हैं और वैसे भी आज की ये समाजवादी पार्टी डॉ.



लोहिया का नाम तो लेती है, लेकिन उनके मूल्यों एवं आदर्शों से बहुत दूर जा चुकी है। योगी ने कहा, डॉ. लोहिया ने कहा था कि सच्चा समाजवादी वह है, जो संपत्ति और संतति से दूर रहे। आपकी पार्टी (सपा) के आचरण से आप देख सकते हैं कि वह लोहिया के मूल्यों एवं आदर्शों से कितनी दूर जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा, उन्होंने (डॉ. लोहिया) कहा था कि राम, कृष्ण और शंकर जब तक भारत के आदर्श हैं, तब तक भारत का कोई बाल बांका नहीं कर सकता। भारत की एकात्मकता के आधार इन देव महापुरुषों को जब तक भारत की जनता आदर्श के रूप में मानेगी, तब तक भारत भारत बना रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया, इन तीनों देव महापुरुषों में समाजवादी पार्टी का कोई विश्वास नहीं है, क्योंकि आप लोग भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ करते हैं। नेता प्रतिपक्ष ने योगी को प्लोटो का संत कहते हुए भी उनकी सोच को सांप्रदायिक करार दिया था। योगी ने पलटवार करते हुए सवाल किया, आपने कहा कि हमारी सोच सांप्रदायिक है, आप बताइए हमारी सोच कहां सांप्रदायिक है। हम तो 'सबका साथ-सबका विकास' की बात कर रहे हैं। हमारा तो आदर्श है- सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका सबसे आदर्श उदाहरण है कि जब 26 फरवरी को महाकुंभ मेले का समापन हुआ, तो उस दिन के आयोजन ने न केवल देश, बल्कि दुनिया के सामने भारत के विकास और विरासत की अनुपम छाप छोड़ी। उन्होंने सवाल किया, क्या उसमें कोई भेदभाव हुआ?

उसमें न तो जाति का भेदभाव, न ही क्षेत्र का भेदभाव, न ही मत और मजहब का भेदभाव था। 100 से अधिक देशों के लोग आए। मुख्यदमंत्री ने बताया कि अब तक 93 सदस्यों ने सामान्य बजट पर चर्चा में हिस्सा लिया, जिसमंक सत्ता पक्ष के 59 और नेता प्रतिपक्ष समेत विपक्षी दलों के 34 सदस्य शामिल है। उन्होंने इन सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## अचानक जीटीबी अस्पताल पहुंचीं सीएम रेखा गुप्ता, आप सरकार के स्वास्थ्य मॉडल की खोली पोल



नई दिल्ली । दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मंगलवार शाम अचानक गुरु तेग बहादुर अस्पताल में छापेमारी करने पहुंचीं। वह अस्पताल के गोदाम में गईं जहां कोरोना काल के समय का काफी सामान गोदाम में पड़ा पाया। उन्होंने कहा, कोरोना के समय का हजारों का सामान यहां सड़ रहा है। अस्पतालों को डंपिंग ग्राउंड बना दिया गया है। जो लोग ढाई हजार को लेकर सवाल पूछते हैं, उन्हें देखना चाहिए कि स्वास्थ्य व्यवस्था का क्या हाल बना दिया है। छापेमारी के दौरान रेखा गुप्ता ने कहा, पूरा गोदाम बुरी तरीके से भरा हुआ है। इसमें 458 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, 140 वेंटिलेटर और 36 हजार पीपीई किट भरे हुए हैं। उन्होंने कहा, केवल एक अस्पताल में ऐसा नहीं है बल्कि हर गोदाम ऐसे ही भरा हुआ है। सीएम रेखा गुप्ता ने आगे कहा, करोड़ों रुपए का मटेरियल यहां पर मिट्टी हो रहा है। कोरोना के समय अस्पतालों की पार्किंग और स्पोर्ट्स ग्राउंड जैसी जगहों पर आनन फानन में जो 7 इमारतें बनाई गईं वहां अस्पतालों के हिसाब से कोई व्यवस्था नहीं है। इन्हें बनाने में कोई प्लान नहीं बनाया गया। केवल एक पोटा केबिन जैसा खड़ा कर दिया गया। उन्होंने कहा, तेग बहादुर में बनाई जा रही ऐसी ही इमारत अभी भी पूरी नहीं हुई है। इसमें अभी 60 फीसदी काम पूरा हुआ है। यह हाल सातों इमारतों का है और ये इमारतें लगभग 12 करोड़ रुपए की लागत से बनाई जा रही थीं। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, अगर इन इमारतों पर ढाई हजार करोड़ भी खर्च कर दें तो इन इमारतों का इस्तेमाल नहीं कर सकते। कर्मचारी चिल्ला रहे 6 महीने से नहीं मिली सैलरी-सीएम रेखा गुप्ता सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, मैं बिल्डिंग में आई तो कर्मचारी चिल्ला रहे थे कि 6 महीने से हमारी सैलरी नहीं मिली। अभी इस तरह के ना जाने कितने मुद्दे खोज खोज के निकालने होंगे। जो लोग चिल्ला रहे हं कि ढाई हजार रुपए दीजिए, उन्हें देखना चाहिए कि दिल्ली सरकार को वह किस हालत में छोड़ कर गए हैं। करोड़ों रुपए का नुकसान दिल्ली की जनता का किया है।

हजारों हजार सामान अस्पताल में सड़ रहा है। अस्पताल की हालत देखिए, कर्मचारियों को सैलरी नहीं है, इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है इस हालत का जिम्मेदार कौन है। सीएम ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा, उन्होंने दिल्ली के लोगों के करोड़ों रुपये बर्बाद कर दिए। पूरा सिस्टम खराब हो गया है। मरीज अपना इलाज नहीं कर पा रहे हैं और डॉक्टर शर्मिंदा हैं।

केवल एक एमडी चार बड़े अस्पतालों के लिए काम कर रहा है। आप सरकार का स्वास्थ्य और शिक्षा मॉडल शून्य था।

## अधिकारियों की नीति और कार्यों का उद्देश्य सभी का विकास होना चाहिए- मुर्मु

नई दिल्ली ।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अधिकारियों से कहा है कि डेटा-संचालित प्रणालियाँ दक्षता बढ़ा सकती हैं लेकिन वे सहानुभूति और अखंडता की जगह नहीं ले सकती इसीलिए उनकी नीतियों और कार्यों का उद्देश्य सभी के विकास, विशेष रूप से वंचित और कमजोर वर्गों का विकास होना चाहिए। श्रीमती मुर्मु ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में भारतीय राजस्व सेवा के 78वें बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारियों के रूप में वह यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे कि इस आवश्यक संसाधन को निष्पक्ष, प्रभावी और पारदर्शी तरीके से एकत्र किया जाए। उन्होंने कहा, ''देश में बुनियादी ढांचा बढ़ रहा है, डिजिटल कनेक्टिविटी अंतराल को पाट रही है और आर्थिक अवसर पहले से कहीं अधिक सुलभ हैं। विकास को टिकाऊ और समावेशी बनाने के लिए, संसाधनों का प्रबंधन दक्षता तथा निष्पक्षता के साथ किया जाना चाहिए और नागरिकों को सिस्टम पर भरोसा करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उनकी यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है कि सभी अपनी वैध क्षमता के अनुसार योगदान दे और लोगों के साथ सम्मान के साथ व्यवहार किया जाए। राष्ट्रपति ने कहा कि बदलते समय, बढ़ती अपेक्षाओं और सरकारी पहलों ने अधिक दक्षता, पारदर्शिता और सुविधा के एक नए युग की शुरुआत की है। डिजिटल तकनीक इस बदलाव के मूल में है। उन्होंने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि आयकर



विभाग सटीकता के साथ विसंगतियों का पता लगाने के लिए उन्नत डेटा एनालिटिक्स का उपयोग करता है और साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि ईमानदार करदाताओं को असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को यह याद रखने की सलाह दी कि तकनीक सिर्फ एक उपकरण है, और यह मानवीय मूल्यों का विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि डेटा-संचालित प्रणालियाँ दक्षता बढ़ा सकती हैं, लेकिन वे कभी भी सहानुभूति और अखंडता की जगह नहीं ले सकतीं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उनकी नीतियों और कार्यों का उद्देश्य सभी के विकास, विशेष रूप से वंचित और कमजोर वर्गों के विकास की ओर होना चाहिए। इन प्रशिक्षु अधिकारियों में रॉयल भूटान सेवा के दो अधिकारी प्रशिक्षु भी शामिल हैं और ये राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी (एनएडीटी), नागपुर में प्रशिक्षण ले रहे हैं।

## पिछड़ा वर्ग आयोग में रिक्त पदों को जल्द भरे सरकार – राहुल गांधी


नई दिल्ली । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) में रिक्तियों को लेकर केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार को पत्र लिखा है। उन्होंने सरकार से कहा है कि वह जल्द से जल्द रिक्तियों को भरकर इन संस्थानों को अपना संवैधानिक दायित्व पूरा करने में सशक्त बनाए। राहुल गांधी ने कहा कि पूरे देश में जाति जनगणना को लेकर आवाज बुलंद की जा रही है। ऐसे में जानबूझकर की गई चूक चौंकाने वाली है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार द्वारा सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने वाली संवैधानिक संस्थाओं में महत्वपूर्ण पदों को जानबूझकर खाली रखा जा



रहा है। इससे भाजपा की दलित और पिछड़ा वर्ग विरोधी मानसिकता साफ दिखाई देती है। एक मार्च को लिखे पत्र में राहुल गांधी ने कहा कि 7वें एनसीएससी के अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति तीन मार्च, 2024 को की गई थी। उपाध्यक्ष का पद करीब एक साल से खाली है। इसी तरह एनसीबीसी के उपाध्यक्ष का पद भी करीब तीन साल से खाली पड़ा है। ऐसे में संस्थाएं कैसे काम करेंगी। उन्होंने कहा कि दलितों के अधिकारों की रक्षा करने में एनसीएससी की महत्वपूर्ण भूमिका है। पिछले कई वर्षों में देशभर में हजारों लोगों ने न्याय के लिए एनसीएससी का दरवाजा खटखटाया है। गांधी ने कहा, दलितों की सामाजिक और आर्थिक उन्नति में बाधा डालने वालों के खिलाफ आयोग खड़ा हुआ है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि इन संस्थाओं में रिक्तियों को तुरंत भरा जाए।

# संपादकीय

## जीवित रह कर भी पाई जा सकती है मोक्ष की अवस्था



भगवान कृष्ण ने गीता में कहा है- हे अर्जुन! ज्ञान वह परम स्थिति है, जिसे पाकर कोई मोह में नहीं फंसता! यह आध्यात्मिक अवस्था अगर जीवन के अंतकाल में भी मिल जाए तो मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। शरीर, शरीर से जुड़े लोगों, सगे-सम्बन्धियों या जहां-जहां से भी इस शरीर को सुख मिलता है, हमारा हर उस वस्तु के प्रति मोह हो जाता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि हम जिंदगी भर सुख को ढूंढते रहते हैं और इसकी वजह से मोह पक्का होता जाता है। एक ऐसी अवस्था आ जाती है, जहां यह पक्का हो जाता है कि सुख मिले या न मिले, मोह बरकरार रहता है। जहां से सुख मिलता है, वहीं हमारा संसार बन जाता है। व्यक्ति अपने सुख से बाहर नहीं निकलना चाहता। इसलिए सुख की चाह मोह के रूप में उसे इस संसार में बांधे रखती है। अध्यात्म के रास्ते ही व्यक्ति अपना मन संसार और इसके सुखों से हटाकर अपनी चेतना से जोड़ लेता है, जिसकी ताकत से यह शरीर, इन्द्रियां, मन, बुद्धि सब चलता है। उसे ब्रह्म भी कहते हैं। उस ब्रह्म की स्थिति का आनंद लेने के बाद संसार के सब सुख फीके लगने लगते हैं। यही शारीरिक आनंद से ऊपर उठने का वक्त होता है। यह अवस्था मोहमाया का अंत कहलाती है, जब व्यक्ति जीवित रह कर भी मोक्ष की अवस्था को प्राप्त कर लेता है।

## 5 मार्च 2025 का पंचांग

सूर्योदय- 06.48 प्रात-
सूर्यास्त- 06.27 सायं
सूर्य राशि- कुम्भ राशि में।
चंद्र उदय- 10.19 प्रात-
चंद्र अस्त- 12.21रात्रि
चंद्रमा- प्रात- 08.13 उपरांत वृषभ राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना फाल्गुन -05 पूर्णिमांत महीना फाल्गुन-21 पक्ष-शुक्ल पक्ष-06 तिथि-षष्ठी दोपहर- 12.51 तक बाद में सप्तमी, नक्षत्र-कृतिका रात्रि- 01.08 तक बाद में रोहिणी, योग-वैधृती रात्रि- 11.07 तक बाद में विषकुम्भ, करण-तैतील दोपहर- 12.51 तक बाद में ग़र रात्रि- 11.47 तक बाद में वणिज, राहु काल दोपहर- 12.00 से 01.30 बजे तक कुलीक काल प्रात- 10.30 से 12.00 बजे तक,यमगंड प्रात- 07.30 से 09.00 बजे तक, दुमुहूर्त दोपहर- 12.15 से 01.01 अमृत काल रात्रि- 10.52 से 12.22 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.11 से 05.59 तक।

## 5 मार्च 2025 का दैनिक राशिफल।

मेष- कोई उद्योग लगाना चाहते है तो मुश्किल आयेगी, लोन लेना पड़ेगा, परिवार के लोगों से विवाद से बचें उत्तर ना दे।
भाग्य प्रतिशत- 49

वृषभ- ब्रोकरशिप, सरकारी कार्य की दलाली से धन मिलेगा, एमएनसी में है तो वही की महिला से विवाह तय करेंगे, होटल क्षेत्र में नौकरी मिलेगी
भाग्य प्रतिशत-77

मिथुन- पत्नि को गर्भ से जुड़ी समस्या सम्भव है, दवाइयों के व्यवसाय में उन्नति होगी, मित्रों से कुछ कार्य बनेगा।
भाग्य प्रतिशत-50

कर्क- कपड़े, अनाज, आयुर्वेदिक दवाई व्यवसाय मे प्रगति होगी, फ्रस्ट्रेशन से बचना होगा, कोई दवा चल रहीं है तो उसे छोड़े नहीं।
भाग्य प्रतिशत-65

सिंह-जनसेवा सम्बन्धित कार्य से लाभ होगा, बैंक के कर्ज को लेकर चिंता अवश्य रहेगी, परिश्रम बढ़ेगा।
भाग्य प्रतिशत-61

कन्या- छोटे कार्य को करने की इच्छा नहीं होगी, स्त्री सबंधित व्यवसाय से उन्नति का मार्ग खुलेगा, अधिक सोच विचार ना करें।
भाग्य प्रतिशत-59

तुला-अपनी इमेज को बनाने के लिए परिश्रम करेंगे, बेकरी कार्य, होटल व्यवसाय करते है तो प्रगति करेंगे, कपड़े आदि खरीद सकते है।
भाग्य प्रतिशत-72

वृश्चिक-परीक्षा आदि की तैयारी करेंगे, त्वचा, गैस सम्बन्धित रोग परेशान कर सकते है, मन में भविष्य को लेकर दुविधा ना रखें।
भाग्य प्रतिशत-66

धनु- कोई आपके निजी जीवन पर तंज करेगा उसे ज़वाब देंगे, कजिन आदि से मिलना होगा, इट, भट्टे आदि का कार्य चलने में परेशानी सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत-54

मकर- व्यक्तिगत सुख में कमी से चिंतित है, लक्ष्य दूर होते जा रहे है, बीपी, ह्रदय रोग है तो ध्यान रखें।
भाग्य प्रतिशत-48

कुम्भ- पुलिस, डिफेंस क्षेत्र में जाने के लिए तैयारी कर सकते है, घर में दुकान आदि भी खोल सकते है, सहयोग मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत-80

मीन-रोग व परेशानी रहेगी, क्रोध को ना बढ़ाए, हर बात में मीनमेक ना निकाले लोगों को समझने का प्रयास करे।
भाग्य प्रतिशत-50

## काजोल ने अपनी बहन तनीषा को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



मुंबई । अभिनेत्री काजोल ने सोशल मीडिया पर अपनी बहन और अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। दिल को छू लेने वाली पोस्ट में अभिनेत्री काजोल ने अपनी बहन के लिए एक प्यारा सा जन्मदिन संदेश साझा किया। इस पोस्ट में काजोल ने तनीषा को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। काजोल ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर तनीषा की एक आकर्षक तस्वीर शेयर की। तस्वीर के साथ 'दिलवाले' अभिनेत्री ने लिखा, एक और साल बड़ी हो गई, लेकिन चलो हमेशा एक ही उम्र रहने पर सहमत होते हैं। 10 और 6। आपको ढेर सारी शुभकामनाएं। तनीषा को उनके खास दिन पर शुभकामनाएं देने के लिए अजय देवगन ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक पोस्ट शेयर किया। उनकी तस्वीर शेयर करते हुए, उन्होंने लिखा, आप जहां भी जाएं, हमेशा अपना प्यार और रोशनी फैलाती रहें। जन्मदिन की शुभकामनाएं। पिछले साल भी काजोल ने अपनी छोटी बहन के लिए एक दिल को छू लेने वाला जन्मदिन पोस्ट लिखा था। एक सेल्फी शेयर करते हुए। 'कुछ कुछ होता है' की अभिनेत्री ने पोस्ट को कैप्शन दिया था, मेरी बहन को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। तुम्हारा जीवन हमेशा रोशनी, प्यार और हंसी से भरा रहे। तुमसे मैं बहुत प्यार करती हूं। तनीषा मुखर्जी फिल्म निर्माता शोमू मुखर्जी और अभिनेत्री तनुजा की बेटी और काजोल की छोटी बहन हैं। उन्होंने 2003 में हॉरर फिल्म 'शश्श्श' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। उन्होंने राजनीतिक थ्रिलर सरकार और इसके सीक्वल सरकार राज में अपनी भूमिका के लिए काफी ध्यान आकर्षित किया। 2013 में, तनीषा बिग बॉस 7 में एक प्रतियोगी के रूप में दिखाई दी थीं। जहां वह प्रथम रनर-अप बनी और फैंस की प्रशंसा अर्जित की। 'बिग बॉस' के बाद तनीषा विभिन्न टेलीविजन शो में दिखाई दी। जिनमें कॉमेडी सीरीज गैंग्स ऑफ हसीपुर, फियर फैक्टर- खतरों के खिलाड़ी 7 और डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा 11 में जज की भूमिका शामिल है। काजोल की बात करें तो उन्हें आखिरी बार फिल्म दो पत्ती में एक पुलिस वाले की भूमिका निभाते हुए देखा गया था।

## रणबीर कपूर की रामायण से बाहर हुई अभिनेत्री कुब्रा सैत

मुंबई । रणबीर कपूर की रामायण हर कोई उत्सुक है। नितेश तिवारी फिल्म निर्देशन कर रहे हैं। साउथ अभिनेत्री साई पल्लवी ने माता सीता की भूमिका निभाई है। रणबीर-सई की जोड़ी पहली बार पर्दे पर नजर आएगी। इसके अलावा फिल्म की अन्य स्टारकास्ट भी दमदार होने वाली है। इसी बीच हाल ही में मिली जानकारी के अनुसार फिल्म से एक एक्ट्रेस का पत्ता कट गया है। फिल्म रामायण की शूटिंग का पहला शेड्यूल पूरा हो चुका है, लेकिन अब एक अभिनेत्री को फिल्म से हटा दिया गया है। अभिनेत्री कुबरा सैत ने शूर्पणखा की भूमिका के लिए ऑडिशन दिया। लेकिन हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में कुबरा ने कहा, मैं अपनी नाक की वजह से इस रोल के लिए बिल्कुल सही थी। लेकिन मुझे कास्ट नहीं किया गया। अब मैं यह जानने के लिए उत्सुक हूं कि उन्होंने इस रोल के लिए किसे चुना है। कुबरा सैत ओटीटी जगत में वेब सीरीज सेक्रेड गेम्स के लिए मशहूर हैं। वह काजोल की सीरीज द ट्रायल में भी नजर आई थीं। इसके अलावा शाहिद कपूर की हालिया फिल्म देवा में भी उनकी भूमिका थी। अभिनेत्री इंदिरा कृष्णन फिल्म रामायण में माता कौशल्या की भूमिका निभा रही हैं। एक इंटरव्यू में दी गई जानकारी के अनुसार, रणबीर श्री राम की भूमिका निभा रहे हैं,

जबकि साई पल्लवी माता सीता की भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि यश रावण की भूमिका निभाएंगे। अभिनेता रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे हैं जबकि अरुण गोविल दशरथ की भूमिका निभा रहे हैं। चर्चा है कि अभिनेत्री लारा दत्ता कैकेयी की भूमिका निभा सकती हैं।

## मुंबई के पूर्व क्रिकेटर पद्माकर शिवलकर का निधन

मुंबई । मुंबई के दिग्गज क्रिकेटर पद्माकर शिवलकर का 3 मार्च (सोमवार) को 84 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने मुंबई के लिए 20 वर्षों तक क्रिकेट खेला, लेकिन भारतीय टीम में जगह नहीं बना सके, क्योंकि उसी दौर में बिशन सिंह बेदी जैसे दिग्गज स्पिनर टीम का हिस्सा थे। बेदी ने भारतीय क्रिकेट में अपने शानदार प्रदर्शन से विशेष पहचान बनाई। शिवलकर के निधन पर क्रिकेट जगत ने गहरा शोक व्यक्त किया है। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा, यह वास्तव में दुखद खबर है। कम समय में मुंबई क्रिकेट ने मिलिंद और अब पद्माकर जैसे दो महान खिलाड़ियों को खो दिया, जिन्होंने कई जीतों मंर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गावस्कर ने अपनी किताब %आइडल्स% में शिवलकर को अपने आदर्श खिलाड़ियों में शामिल किया था। 1961/62 सीज़न में 21 वर्ष की उम्र में अपना प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर शुरू करने वाले शिवलकर ने 1987/88 सीज़न तक मुंबई के लिए खेलते हुए 124 प्रथम श्रेणी मैचों में 589 विकेट लिए। इस दौरान उन्होंने 42 बार पारी में पांच और 13 बार मैच में 10 विकेट लेने का कारनामा किया। 1972/73 रणजी ट्रॉफी फाइनल में तमिलनाडु के खिलाफ उन्होंने 8/16 और 5/18 का बेहतरीन प्रदर्शन कर मुंबई को लगातार 15वीं बार खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने भी उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा, मुंबई क्रिकेट ने आज एक सच्चे दिग्गज को खो दिया। पद्माकर शिवलकर सर का खेल में योगदान, खासकर एक शानदार स्पिनर के रूप में, हमेशा याद किया जाएगा। उनकी प्रतिबद्धता, कौशल और मुंबई क्रिकेट पर उनकी छाप अतुलनीय है। उनका निधन क्रिकेट जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनकी आत्मा को शांति मिले। घरेलू क्रिकेट में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए शिवलकर को 2016 में सी.के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया था।

## शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट




नई दिल्ली । कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजार में भी आज शुरुआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत बड़ी गिरावट के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में सुधार होता हुआ नजर आया, लेकिन सुबह 10 बजे के बाद एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण दोनों सूचकांकों की कमजोरी बढ़ती चली गई। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.33 प्रतिशत और निफ्टी 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, टाटा मोटर्स और इंडसइंड बैंक के शेयर 3.01 प्रतिशत से लेकर 1.29 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बजाज ऑटो, नेस्ले, इंफोसिस, टाइटन कंपनी और एचसीएल टेक्नोलॉजी के शेयर 2.73 प्रतिशत से लेकर 1.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,487 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,825 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 662 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 12 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 18 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 19 शेयर हरे निशान में और 31 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 268.60 अंक की कमजोरी के साथ 72,8 17.34 अंक के स्तर पर खुला। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव के कारण कुछ ही देर में ये सूचकांक लुढ़क कर 72,633.54 अंक तक गिर गया, लेकिन इसके बाद खरीदारी शुरू हो जाने से इस सूचकांक के चाल में सुधार होने लगा। लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से सुबह 10 बजे तक ये सूचकांक उछल कर 73,008. 41 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद एक बार फिर बिकवाली शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10-15 बजे सेंसेक्स 241.20 अंक टूट कर 72,844.74 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 144.85 अंक की कमजोरी के साथ 21,974.45 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से इस सूचकांक ने रिकवरी शुरू कर दी। खरीदारी के सपोर्ट से सुबह 10 बजे के करीब ये सूचकांक उछल कर 22,091.05 अंक तक पहुंच गया, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10-15 बजे निफ्टी 68.10 अंक की गिरावट के साथ 22,051.20 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 112.16 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 73,08 5.94 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 5.40 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 22,119.30 अंक के स्तर पर सोमवार के कारोबार का अंत किया था।

## सर्राफा बाजार में आज सपाट स्तर पर कारोबार, सोना और चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं



नई दिल्ली । घरेलू सर्राफा बाजार में आज सपाट स्तर पर कारोबार हो रहा है। सोना और चांदी दोनों चमकीली धातु आज सोमवार के भाव पर ही कारोबार कर रही हैं। भाव में बदलाव नहीं होने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज भी 8 6,610 रुपये से लेकर 86,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 79,390 रुपये से लेकर 79,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी में भी सपाट कारोबार होने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 96,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 86,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 79,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 86,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 86,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 79,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 86,610 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 86,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 86,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 79,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 86,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 79,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 86,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में कोई बदलाव नहीं आया है।

इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज भी 86,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना भी 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर ही बिक रहा है।

## रात भर शूटिंग, फिर सुबह में पैकअप, वरुण धवन ने दिखाई खास झलक



मुंबई । अभिनेता वरुण धवन अपनी अपकमिंग फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' की शूटिंग में व्यस्त हैं। धवन ने एक वीडियो पोस्ट कर फिल्म के सेट से अपने पैकअप की झलक दिखाई। वरुण ने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अपनी कार में घर जाते दिखाई दे रहे हैं। अभिनेता पिछली सीट पर बैठे हैं, अपनी आंखों को हाथों से ढकते हैं और फिर हटाते हैं। फिर वह धीरे से मुस्कुराते हैं और अपना सिर हिलाना शुरू कर देते हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, पैकअप 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी'। टाइम स्टैम्प में दिखाया गया कि वह सुबह 6 बजकर 26 मिनट पर घर लौट रहे हैं। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में वरुण धवन और जान्हवी कपूर मुख्य जोड़ी के रूप में दिखाई देंगे। इस प्रोजेक्ट में सान्या मल्होत्रा, रोहित सर्राफ, अभिनव शर्मा, मनीष पॉल और मानिनी चड्ढा भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। शशांक खेतान के निर्देशन में बनी इस फिल्म को करण जौहर, हीरू यश जौहर, अपूर्व मेहता और शशांक खेतान ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। वरुण ने हाल ही में एक पोस्ट शेयर कर निर्माता-निर्देशक शशांक खेतान को जन्मदिन पर बधाई दी और कहा कि उनकी पहली फिल्म 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया' से लेकर 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' तक, उनके निर्देशन में उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला। वरुण ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो मोंटाज शेयर किया, जिसे मूल रूप से धर्मा प्रोडक्शंस ने शेयर किया था।

इसमें 2014 में रिलीज हुई 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया' में उनके काम के क्लिप हैं। वरुण ने लिखा, जन्मदिन मुबारक हो शशांक सर। शशांक खेतान की फिल्म 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया' में वरुण धवन के साथ आलिया भट्ट और दिवंगत अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला भी थे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्रा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## औरंगाबाद में पोखर पर अवैध कब्जा, प्रशासन मौन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

औरंगाबाद/बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। कस्बे में भूमाफियाओं का बेखौफ राज जारी है, और अब सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों को दरकिनार कर पोखर की जमीन पर अवैध कब्जा शुरू कर दिया गया है। दिनदहाड़े डंपरों की मदद से पोखर में भराव किया जा रहा है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। नगर पंचायत के कई सभासदों ने इस अवैध कब्जे को रोकने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायती पत्र भेजा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। शिकायत में उल्लेख किया गया कि पुरानी मंडी के पीछे स्थित गाटा संख्या 1532, जो जलमग्न पोखर भूमि के रूप में दर्ज है, पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने पहले ही तालाबों और पोखरों की जमीनों पर कब्जे को अवैध घोषित कर रखा है। वर्ष 1989 में कोर्ट के आदेश पर इस भूमि पर किए गए सभी पट्टे रद्द कर दिए गए थे। बावजूद इसके, बुलंदशहर के कुछ दबंगों ने आधा दर्जन डंपरों की मदद से इस जमीन को पाटना शुरू कर दिया है। सभासदों और स्थानीय लोगों द्वारा लगातार शिकायतों के बावजूद प्रशासन ने अब तक कोई संज्ञान नहीं लिया है, जिससे आमजन में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

## बुलंदशहर पुलिस की बड़ी सफलता, हत्या के पांच आरोपियों को आजीवन कारावास

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत बुलंदशहर पुलिस ने प्रभावी पैरवी करते हुए हत्या के पांच आरोपियों को आजीवन कारावास और 20-20 हजार रुपये के जुर्माने की सजा दिलवाई। मामला वर्ष 2014 का है, जब ग्राम कादिरपुर, थाना कोतवाली देहात निवासी मनवीर की हत्या कर दी गई थी। आरोपियों सोनू, धीरज, गोपाल, योगेश और विपिन ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए पीड़ित के साथ मारपीट की थी और बर्फ तोड़ने वाले सूजे से वार कर उसकी हत्या कर दी थी। घटना के बाद थाना कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज किया गया और 25 जुलाई 2014 को आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई। प्रदेश में अपराधियों को सजा दिलाने के लिए चल रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत इस मामले को प्राथमिकता से लेते हुए बुलंदशहर मॉनीटरिंग सेल ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की। अभियोजन पक्ष की मजबूत दलीलों और 15 गवाहों की पेशी के बाद विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) ओमप्रकाश वर्मा ने सभी दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से अधिवक्ता विपुल कुमार राघव और रश्मि सोलंकी की सराहनीय भूमिका रही। बुलंदशहर पुलिस की इस बड़ी सफलता से अपराधियों में डर का माहौल बना है और न्याय की जीत हुई है।

## बारातियों से भरी कार बंबे में पलटी, चार की दर्दनाक मौत



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। गुलावठी के निकट ग्राम पितुवास में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जब बारात से लौट रही एक कार अनियंत्रित होकर बंबे में गिर गई। इस हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार में सवार सभी लोग अमरोहा के रहने वाले थे और एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। अचानक कार बंबे में पलट गई, जिससे मौके पर ही चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान कौशल, निपेंद्र, कन्हैया और वंशिका के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दुर्घटना से परिवार में कोहराम मच गया, जहां शादी की खुशियां थीं, वहां मातम पसर गया।

## अनूपशहर विधानसभा के लखावटी गांव में पीडीए जन पंचायत का आयोजन, समाज के अधिकारों के लिए एकजुट होने का संकल्प



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। अनूपशहर विधानसभा क्षेत्र के लखावटी गांव में पाल समाज एवं जाटव समाज द्वारा पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गंगा दास जाटव जी ने की, जिसमें पूर्व विधायक मुकेश शर्मा जी ने संबोधित करते हुए कहा कि वे गांव-गांव जाकर पीडीए को जागरूक करेंगे और 2027 में समाजवादी पार्टी को सत्ता में लाने के लिए प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के दौरान बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सम्मान और संविधान पर गहन चर्चा की गई। इस जन पंचायत में पीडीए समाज के लोगों ने अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जोगेंद्र पोसवाल, लक्ष्मण सिंह, राम गोपाल सिंह, धर्म सिंह, नत्थू सिंह, मेघराज सिंह, मूलचंद पाल, प्रिंस पाल सहित कई गणमान्य लोग एवं सम्मानित ग्रामवासी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पीडीए समाज के लोगों को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना और समाज को संगठित करना था। इसमें उपस्थित लोगों ने अपने विचार साझा किए और समाज के उत्थान के लिए एकजुट होकर कार्य करने का प्रण लिया। इस आयोजन से पीडीए समाज के लोगों में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। यह कार्यक्रम पीडीए समाज के लिए एक नई दिशा और उम्मीद का संदेश लेकर आया है।

## भारतीय किसान संघ ने मनाया 46वां स्थापना दिवस, संगठन की एकता पर दिया जोर



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

खानपुर (हितेश शर्मा)। ग्राम पंचायत गिनौरा नंगली में भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने 46वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर लड्डुओं का प्रसाद वितरण किया गया और अधिक से अधिक किसानों को संगठन से जोड़ने का आह्वान किया गया। संस्था के संस्थापक दंतोपंत ठेगड़ी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान भारतीय किसान संघ के जिला उपाध्यक्ष ठाकुर शिवकुमार गौड़ ने संगठन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसकी स्थापना 4 मार्च 1979 को दंतोपंत ठेगड़ी द्वारा की गई थी।

वर्तमान में संगठन से 26 लाख से अधिक कार्यकर्ता जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था का आधार किसान हैं, और उन्हें सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। भारतीय किसान संघ के जिला मंत्री चौधरी वीरेन्द्र गुर्जर ने संगठन की स्थापना और उसके उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती और किसानों की एकता को बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कालीचरण, कुँवरपाल, रामभूल शर्मा, ठाकुर सुनील सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सिकंदराबाद पुलिस ने दो वांछित गैंगस्टर को अवैध हथियारों सहित दबोचा





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिकंदराबाद पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से दो अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिनेश पुत्र बिजेंद्र और हरपाल उर्फ गुड्डू पुत्र हर्दवारी, दोनों निवासी ग्राम मंडावरा, थाना सिकंदराबाद, जनपद बुलंदशहर के रूप में हुई है। दोनों आरोपी थाना सिकंदराबाद में पंजीकृत मुकदमा संख्या 206/25 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित थे।

गिरफ्तारी के बाद इनके खिलाफ मुअसं- 215/25 और 217/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास है। दिनेश और हरपाल के खिलाफ चोरी, लूट, शस्त्र अधिनियम और गैंगस्टर एक्ट के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम में थाना प्रभारी अनिल कुमार शाही के साथ उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार गौतम, कौमल सिंह, आनंद कुमार, वसीम अहमद और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस की इस कार्रवाई को कानून-व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक अहम सफलता माना जा रहा है।

## तंबू निर्माण के साथ रोवर एवं रेंजर्स प्रवेश कैंप का समापन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। डी.एन. पी.जी. कॉलेज में आयोजित रोवर एवं रेंजर्स प्रवेश कैंप का समापन तंबू निर्माण प्रतियोगिता के साथ हुआ। कैम्प के प्रथम सत्र में बुलंदशहर स्काउट कार्यालय से आए सहायक प्रशिक्षक अमित कुमार गौतम और विशाल सैनी ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय ध्वज को सही तरीके से फोल्ड करने और ध्वजारोहण के नियमों से अवगत कराया। इसके बाद तंबू निर्माण के लिए उपयोगी विभिन्न गांठों और बंधनों की विस्तृत जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं ने भारत टोली, तिरंगा टोली, मयूरी टोली, कमल टोली और आजाद टोली के रूप में टीम बनाकर पुरानी साड़ियों, चादरों, डंडों और अन्य अनुपयोगी वस्तुओं का सदुपयोग करते हुए सुंदर तंबू बनाए। प्रतियोगिता में तिरंगा टोली ने प्रथम स्थान, कमल टोली ने द्वितीय स्थान और मोर टोली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

समापन समारोह में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार ने सभी रोवर्स एवं रेंजर्स को शुभकामनाएं दीं और उनके कार्यों की सराहना की। रोवर्स लीडर डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने छात्रों को अनुशासन में रहते हुए समाज और कॉलेज में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया, जबकि रेंजर्स लीडर डॉ. विनीता गर्ग ने स्काउटिंग के सिद्धांतों के पालन पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर अतुल तोमर, डॉ. महेंद्र कुमार सिंह, डॉ. पुष्पेंद्र कुमार मिश्र, पीयूष त्रिपाठी, डॉ. संदीप कुमार सिंह, शशि कपूर, श्याम प्रकाश, डॉ. हरीश कसाना और नवीन तोमर सहित कई शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान संघ का 46वां स्थापना दिवस मनाया गया






उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर में भारतीय किसान संघ का 46वां स्थापना दिवस जिला अध्यक्ष महेश चंद लोधी के आवास पर मनाया गया।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि भारतीय किसान संघ की स्थापना 4 मार्च 1979 को कोटा (राजस्थान) में श्रद्धेय दत्तोपंथ ठेंगड़ी के नेतृत्व में हुई थी। तभी से यह संगठन किसानों के हितों की रक्षा के लिए काम कर रहा है और आज यह देश का सबसे बड़ा किसान संगठन बन चुका है, जिसमें लगभग 42 लाख कार्यकर्ता सक्रिय हैं। कार्यक्रम में मेरठ प्रांत उपाध्यक्ष अनुराग त्यागी ने संगठन विस्तार पर जोर देते हुए गांव-गांव में टोली बैठक करने की बात कही। वहीं, जिला कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता ने किसानों से गौ आधारित खेती अपनाने की अपील की। इस मौके पर जिला कार्यकारिणी सदस्य ठाकुर जयपाल सिंह, प्रेमपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, नवीन कुमार, प्रवीण सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बुलंदशहर में शांति समिति की बैठक संपन्न, रमजान और होली को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य चल रहे रमजान और आगामी होली पर्व को सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की व्यवस्था सुनिश्चित करना था। बैठक में हिंदू-मुस्लिम समाज के धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रमजान और होली के अवसर पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए, पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और शोभायात्रा के मार्गों पर पानी के टैंकरों की व्यवस्था की जाए। उन्होंने विद्युत अधिकारियों को निर्देश दिया कि त्योहारों के दौरान बिना कटौती के विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ट्रांसफार्मरों को ढका जाए और नियमित पेट्रोलिंग की जाए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए कि रमजान, होली और शोभायात्रा के दौरान मार्गों पर स्वास्थ्य कैंप लगाए जाएं और दवाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। होलिका दहन के दौरान अस्पतालों को खुले रखने और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री श्लोक कुमार ने कहा कि त्योहारों पर सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस का पालन किया जाए और किसी भी असामाजिक तत्व की गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जाए। सोशल मीडिया पर निगरानी बढ़ाने और गड़बड़ी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक कर लें और मंदिर-मस्जिदों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करें। एसएसपी ने कहा कि बुलंदशहर गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है और यहां के नागरिकों को मिलजुलकर त्योहार मनाना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि त्योहारों के दौरान कोई ऐसा कार्य न करें जिससे किसी को परेशानी हो। उन्होंने वॉलंटियर्स की टीम बनाने और संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी जनपदवासियों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की और रमजान एवं होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्री अभिषेक कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. प्रशांत कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बुलंदशहर में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक









उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। शासन के निर्देशानुसार महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत जनपद में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। थानों की मिशन शक्ति और एंटी रोमियो पुलिस टीमों ने क्षेत्र में जाकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। अभियान के दौरान उन्हें आत्मरक्षा, नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए। साथ ही, हेल्पलाइन नंबरों जैसे वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, यूपी-112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 और एंबुलेंस-102 की जानकारी दी गई। इसके अलावा, पुलिस टीमों ने बाल श्रम उन्मूलन, महिला हेल्प डेस्क और एंटी रोमियो स्क्वायड की सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को गुड टच और बैड टच के बीच अंतर समझाने के साथ-साथ आत्मरक्षा के लिए उपयोगी उपाय भी सिखाए गए। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाना और उन्हें किसी भी प्रकार की आपराधिक घटनाओं से बचाव के लिए जागरूक करना है। पुलिस प्रशासन ने महिलाओं से अपील की कि वे किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें और बेझिझक अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

## बुलंदशहर की बेटी को राष्ट्रीय सम्मान, डॉ. अंतुल तेवतिया ने बढ़ाया जिले का मान



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर की जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अंतुल तेवतिया को उनके उत्कृष्ट कार्यों और महिला सशक्तिकरण में अभूतपूर्व योगदान के लिए राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पूरे उत्तर प्रदेश से इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए केवल डॉ. अंतुल तेवतिया का चयन हुआ था, जो जिले के लिए गर्व की बात है। अपने कार्यकाल के दौरान, डॉ. तेवतिया ने महिला सशक्तिकरण, सामाजिक विकास और पंचायत व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए। उनकी दूरदृष्टि और समर्पण ने बुलंदशहर में महिलाओं की स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्हें यह सम्मान नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया, जहाँ देशभर से चयनित महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि से बुलंदशहर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है और जिलेवासियों में गर्व व हर्ष का माहौल है।

## बुलंदशहर के ककोड़ में फर्जी छात्र पकड़ा गया, दूसरे की जगह दे रहा था परीक्षा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर के ककोड़ थाना क्षेत्र स्थित एक इंटरमीडिएट कॉलेज में परीक्षा के दौरान एक छात्र को दूसरे छात्र की जगह परीक्षा देते हुए पकड़ा गया। कक्ष निरीक्षक ने फोटो के आधार पर फर्जी छात्र की पहचान की और तत्काल कार्रवाई की। पकड़ा गया छात्र भी नाबालिग बताया जा रहा है और वह एक अन्य नाबालिग छात्र की परीक्षा दे रहा था। परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक ने आरोपी छात्र के खिलाफ तहरीर दी, जिसके बाद उसकी उत्तर पुस्तिका को सीज कर दिया गया। इस घटना से परीक्षा केंद्र पर हड़कंप मच गया और प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# खडौली मार्ग पर जलनिकासी के निस्तारण के लिए भाकियू अराजनैतिक ने सीडीओ को कराया अवगत





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ (पुष्पेन्द्र कुमार) भाकियू अराजनैतिक के नगर अध्यक्ष राजवीर सिंह भाटी प्रधान ने मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि श्यामनगर-प्रीत विहार रेलवे फाटक से मोदीनगर रोड ब्रहमा देवी स्कूल को जुडने वाले मार्ग को बाईपास नाम से जाना जाता है। इस मार्ग से हापुड़ शहर की जाम की समस्या से छुटकारा मिलता है भारी सांख्या में स्कूली छात्र - छात्राओं तथा वाहनों का आवागमन होता है। इस मार्ग में रेलवे पुल के दास खडौली छोईया गुजरता है जिस पर पुलिया न होने के कारण अस्थायी व्यवस्था पाईप डालकर रखी है पुलिया के निमार्ण के लिए कई वर्षों से माँग जा रही है धन का अभाव बताकर समस्या से पल्ला झाड दिया जाता है। सिंचाई विभाग ने खडौली की सफाई करते हुए मलबा गन्दगी पाईयों में भर दिया है जिससे जल निकासी वाहनों का आवागमन प्रभावित हो गया है इतना ही नहीं आस पास के क्षेत्र में जलभरान होने के कारण अव्यवस्था हो रही है। जिससे जन हित प्रभावित हो गया है सिंचाई विभाग के अधिकारी गम्भीर नहीं है जलनिकासी तथा पुलिया निमार्ण होना अति आवश्यक हम अपनी मांग करते हुए अधिकारियों से की मौके पर जाकर जांच करें और समस्या का समाधान जल्द से जल्द करें ।


# बदसूलकी को लेकर भाकियू टिकैत के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष एकलव्य सहारा ने किया टोल जाम कर किया प्रदर्शन



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ (पुष्पेन्द्र कुमार) भारतीय किसान यूनियन टिकैत के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष एकलव्य सिंह सहारा को सोमवार की रात करीब सवा नौ बजे पिलखुवा के छिजारसी टोल कर्मियों द्वारा एक कार्यकर्ता के साथ बदसलूकी की सूचना मिली थी जिसके बाद मंगलवार सुबह साढ़े दस बजे एकलव्य सहारा ने सैकड़ों कार्यकर्ता छिजारसी टोल प्लाजा पर पहुंचे और सभी लोगों ने एक घंटे तक टोल जाम कर टोल कर्मियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हंगामा किया और आधे घंटे तक टोल की केई लाइन बंद कर टोल फ्री कराया। यह देख टोल प्लाजा के मैनेजर ने किसानों को समझाने का प्रयास किया और टोल मैनेजर ने किसानों से अपनी टोलकर्मी द्वारा हुई सभी गलतियों को लेकर माफी मांगी और उन्हें भरोसा दिलाया कि किसानों को किसी भी तरह की शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। तो वहीं एकलव्य ने कहा कि पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में प्रबंधक के आश्वासन पर धरना समाप्त कर दिया गया तथा हमारे कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि रहेगा। इस प्रदर्शन के दौरान मंडल महासचिव भवेन्द्र सिसोदिया, मंडल सचिव ललित चौधरी, सभासद प्रदीप तेवतिया, तहसील अध्यक्ष चीनू चौधरी, गूडू ककोड़ी, अनुभव अहलावत, आकाश चौधरी, परमजीत सिंह, भानु सिद्धू, साहिल पुनिया, सुनील टाइगर, लोकेश प्रधान, जगवीर प्रधान, पोरस चड्ढा, प्रशांत डागर, अर्जुन चौधरी व गोलू चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

# बाइक सवार स्टंटबाज किशोर बना रॉकेट, पुलिस ने काटा 20 हजार का चालान




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ (पुष्पेन्द्र कुमार) जनपद में युवा अपनी जान जोखिम में डालकर वाहनों पर अपने को छाने के लिए रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर देते हैं तो वहीं थाना हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र के शिवपुरी में गत्ता फैक्ट्री को जाने वाले रास्ते पर एक बाइक सवार किशोर द्वारा जान जोखिम में डालकर बाइक पर रॉकेट की तरह लेटकर स्टंटबाजी करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसका यातायात पुलिस द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए उक्त बाइक का कुल 20 हजार रुपये का चालान किया गया है। तो वहीं हापुड़ पुलिस अधीक्षक ने जनपद वासियों से अपील करती है कि ऐसा कोई कृत्य ना करें जो विधि विरुद्ध हो।

# नीरज हत्याकाण्ड में संलिप्त रोबिन को एडवोकेट मौ बिलाल की टीम ने कराया बरी

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**



हापुड़ ( पुष्पेन्द्र कुमार) थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र में के 2016 में हुए नीरज हत्याकाण्ड के एसटी नंबर 113/2017 मुकदमा संख्या 62/2016 अन्तर्गत धारा 302,147,148,149, IPC एवं 149/2016 धारा 25 आयुध अधिनियम के कॉंटेस्टिडी मुकदमे में मुल्जिम रोबिन पुत्र रोहताश नि लेहडरा थाना बहादुरगढ़ को न्यायालय एडीजी पॉक्सो (II) हापुड़ में विचाराधीन मुक़दमे में एडवोकेट मौ बिलाल एडवोकेट और उनके जूनियर्स सोनू सैनी,शाहजेब शाह,ललित यादव, भारत भूषण, तनवीर,रोशन दुआ एडवोकेटस और प्रशांत पुंडीर,अर्जुन गिल,सलमान सैफी ने कड़ी पैरवी करके अपने मुल्जिम रोबिन को बाइज्जत बरी कराया। जहां एडवोकेट मोहम्मद बिलाल की टीम का रोबिन के परिवार जनों ने खुशी जाहिर करते हुए उनका धन्यवाद कहा।

# सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना हापुड़ के बाबूगढ़ पुलिस ने किया क्षेत्र में पैदल मार्च





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**
**अमित कुमार**

हापुड- आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी। सोमवार को थाना हापुड़ के बाबूगढ़ प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने टीम के साथ क्षेत्र मे पैदल मार्च कर लोगों को शांति सुरक्षा का संदेश दिया। साथ ही कहा कि त्योहारों पर माहौल खराब करने बालो के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अगर कोई शरारती तत्व दिखाई दे तब उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। प्रत्येक पर्व हमे भाईचारे की सीख देता है और हमको मिलजुलकर ही पर्व मनाना चाहिए।

साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि पर्वो पर किसी ने अफवाह या माहौल को खराब करने की कोशिश की तब उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।

# 22 पव्वे अवैध शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ (पुष्पेन्द्र कुमार) जनपद के थाना सिम्भावली पुलिस ने चैकिंग के दौरान अवैध देशी शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है आपको बता दें जनपद में अवैध शराब तस्करों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान वैट नहर की कच्ची पटरी से अर्जुन सैनी पुत्र मुन्ने सैनी निवासी ग्राम राजपुर थाना सिम्भावली को गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से 22 पव्वे अवैध शराब बरामद हुए हैं। उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिम्भावली पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

# किसी भी प्रकार से कर की वृद्धि जनता पर भारी बोझ होगी- विकास दयाल




**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। ( पुष्पेन्द्र कुमार) नगर पालिका परिषद में कर संबंधी दूसरी बैठक में व्यापार मंडल के साथ बोर्ड के सभाकिसी भी प्रकार से कर की वृद्धि जनता पर भारी बोझ होगीसद सभा में मौजूद सभासद विकास दयाल ने कहा कि किसी भी प्रकार से कर की वृद्धि जनता पर भारी बोझ होगी जब 2013 में पहले से ही स्वीकार प्रणाली लागू है मेरी शौकत वाले लागू करने की क्या जरूरत है आपकी साधना देश और बजट में 2013 स्वीकार प्रणाली लागू करने के लिए नगर निगमन में कहा गया था जबकि वर्तमान बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा नगर पालिका परिषद हापुड़ में 2013 की स्वेटर बनाने लागू कर दी गई जो कि सीधा-सीधा आप उनकी जनता के साथ कहीं ना कहीं एक बड़ा अन्याय था विरोध करते हैं इसी के साथ कमर्शियल प्रॉपर्टी पर शासन के बजट के नियम वाली के अनुरूप टैक्स न लगाकर 4 गुना का काम नगर पालिका द्वारा किया जा रहा है जो कि नियम वृद्धि है हाल ही में शासन की तरफ से कमर्शियल प्रॉपर्टी पर एक पर्सेंट टैक्स दिए जाने का आदेश जारी हुआ है जिसको नगर पालिका परिषद को संक्षिप्त कर जारी कर देना चाहिए आने वाले बोर्ड बैठक में हर प्रकार से प्रदोष विरोध के साथ 2024 पर प्रणाली लागू नहीं होने दी जाएगी हम सभी सदस्यों की ओर से यह जनता के लिए आश्वासन है की 2013 स्वेटर प्रणाली के बचे टैक्स को संशोधित करके जनता को न्याय जल्द से जल्द दिलाया जाए। तो वहीं मोनू बजरंग ने कहा सदन में सभासद बैठे हुए हैं आज इसको खत्म कर दिया जाए। इस अवसर पर सभासदों ने प्रस्ताव रखा आगामी शनिवार को कर संबंधी बोर्ड बैठक का आयोजन का आयोजित की जाए और इसमें मुद्दे पर चर्चा करके उसमें विरोध दर्ज कराया जा सके। इस अवसर पर सभासद नितिन पाराशर, सभासद धर्मेंद्र कुमार, शास्त्री विजय कुमार मलिक भास्कर स्टोरी समाचार मुकेश कोरी आदि समाजों के साथ व्यापार मंडल के समय जनता के लोग भी शामिल रहे और अधिशासी अधिकारियी द्वारा मार्च के अंतिम सप्ताह में बोर्ड बैठक किए जाने पर सहमति जताई विकास दयाल के दिए प्रस्ताव पर सहमति के लिए सदस्य स्वागत करते हुए जोरदार तालियां बजा हड़ताल को समाप्त करने के लिए सभी बोर्ड मेंबर से कर वृद्धि को किसी भी हाल में भरने न दिए जाने के लिए सहयोग की अपील की।

# नेट के महत्वपूर्ण प्रश्नों का अभ्यास कराया

गाजियाबाद । दयानंद नगर स्थित वीएमएलजी कॉलेज में एमएड छात्राओं के लिए दस दिवसीय यूजीसी नेट जेआरएफ कोचिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या प्रो. रचना प्रसाद ने किया। रिसोर्स पर्सन डॉ. रेखा अग्रवाल ने छात्राओं को यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा में आने वाले शोध विषय के महत्वपूर्ण प्रश्नों का अभ्यास कराया और छात्राओं के प्रश्नों का जवाब भी दिया। कार्यशाला के दौरान यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली छात्रा तिमाक्षी, इरम, रेनू, दीप्ति, चारू, सोनिया, विप्रा और मोनिका को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी डॉ. स्नेहा राय प्रियदर्शनी ने किया। इस अवसर पर प्रो. इंद्राणी, प्रो. शशि मलिक, प्रो.प्रेरणा शर्मा, डॉ. अनिता अरोड़ा, डॉ. नीलम कर्णवाल और डॉ. नीरज मेहता मौजूद रहीं।

# पंजीकरण के लिए 69 आवेदन आए

गाजियाबाद । मत्स्य पालन को बढ़ाने के लिए विभाग ने आवेदन मांगे थे। एक से 28 फरवरी तक 69 लोगों ने पंजीकरण के लिए आवेदन किया। अधिकारियों के अनुसार, विभाग जिलास्तरीय समिति का गठन कर दस्तावेजों की जांच करेगा। इसके बाद आवेदनकर्ताओं को योजना का लाभ दिया जाएगा। जिला मत्स्य उप निदेशक रिचा चौधरी ने बताया कि आवेदनों में सबसे ज्यादा मछलियों की सप्लाई के लिए उपयोग में आने वाले वाहनों के आए। साथ ही, जिले में मछली पालन को बढ़ाने के लिए जिले के सभी ब्लॉकों में कैंप लगाकर इच्छुक लोगों को जागरूक किया जा रहा।

# डबल इंजन सरकारें बेटियों के लिए अभिशाप - कांग्रेस



नई दिल्ली । कांग्रेस ने कहा है कि देश में भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) की डबल इंजन सरकारों में बेटियों के साथ हर रोज अपराध हो रहे हैं और ज्यादा घटनाओं में भाजपा नेताओं के नाम आ रहे हैं,लेकिन सरकार ठोस कार्रवाई नहीं कर पा रही है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बेटियों की सुरक्षा के वादे खोखले साबित हो रहे हैं। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, प्रधानमंत्री दावे तो बड़े-बड़े करते हैं लेकिन सच क्या हैं यह पूरे देश के सामने है। देश में जहां भी भाजपा की %डबल इंजन% की सरकारें हैं वह प्रदेश बेटियों के लिए अभिशाप साबित हो रहा है। हरियाणा, मध प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तराखंड, राजस्थान जहां देखो, बेटियों के साथ कई घिनौने अपराध हुए हैं और पुलिस इन मामलों में मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने कहा महाराष्ट्र में केंद्रीय मंत्री की बेटी और उनके दोस्तों के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। प्राथमिकी से चलता है कि छेड़छाड़ करने वाला भाजपा का पूर्व पार्षद है। उसकी तस्वीरें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री से लेकर भाजपा के बड़े-बड़े नेताओं के साथ हैं। सवाल है कि यदि केंद्रीय मंत्री को ही न्याय नहीं मिलता तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा देकर, अपनी बेटी के साथ ही अन्य बेटियों की लड़ाई लड़नी चाहिए। आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है लेकिन बेटियों के साथ जो अपराध हो रहे हैं, उनका क्या होगा। पुणे में चाकू की नोंक पर 19 साल की लड़की से गैंगरेप हुआ, इस घटना का वीडियो बनाया गया लेकिन मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। गुजरात में पिछले नौ साल में बेटियों के खिलाफ अपराध के करीब 17 हजार मामले हैं। वहां हर महीने करीब 200 बेटियां न्याय के लिए थाने पहुंचती हैं। गुजरात में भाजपा विधायक पर दलित महिला से दुष्कर्म के मामले में हाईकोर्ट के आदेश पर प्राथमिकी हुई। ये दिखाता है कि पुलिस बेटियों के साथ नहीं, बल्कि अपराधियों के साथ खड़ी है। कांग्रेस नेता ने कहा,हरियाणा में यूनिवर्सिटी की छात्रा से पांच साल तक दुष्कर्म होता है। हमारी बेटियों के साथ दुष्कर्म हो रहा है, शिकायतें हो रही हैं लेकिन भाजपा सरकार मूक दर्शक बनी है और अपराध को पनपने दे रही है। कहीं इसके तार हरियाणा के भाजपा नेताओं के साथ तो नहीं जुड़े हैं। बात मध्य प्रदेश की करें-यहां टीकमगढ़ में तीन नाबालिग बेटियों के साथ दुष्कर्म हुआ और एक 14 साल की बच्ची ने आत्महत्या कर ली। ऐसे में सवाल है कि क्या उस बच्ची को आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया गया। क्योंकि यहां हुए अपराध के तार भी भाजपा के लोगों से जुड़े हुए हैं। मध्य प्रदेश के भोपाल में भाजपा नेता ने नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म किया लेकिन प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई। मध्य प्रदेश के ही टीकमगढ़ में भाजपा नेता को नाबालिग से रेप के मामले में पकड़ा गया। इस भाजपा नेता ने नाबालिग का अपहरण कर रेप करने वाले अपराधियों को अपने होटल में पनाह दी थी। उन्होंने कहा,उत्तराखंड में अंकिता भंडारी को भाजपा नेता के रेसॉर्ट में गलत काम के लिए मजबूर किया गया लेकिन जब अंकिता ने मना किया तो उसकी हत्या कर दी गई। राजधानी दिल्ली में एक महीने में करीब 101 दरिंदगी की घटनाएं हुई। हर दिन तीन किशोरियों-महिलाओं के साथ दुष्कर्म हो रहे हैं, लेकिन सरकार खामोश है। इन बेटियों के लिए कोई खड़ा हो या न हो लेकिन कांग्रेस और महिला कांग्रेस पूरी मजबूती से जरूर खड़ी रहेगी। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा राजस्थान में पिछले छह महीने में महिला उत्पीड़न के 20 हजार मामले दर्ज हुए हैं। ये भाजपा सरकार की नाकामी है कि 20 हजार बेटियों के साथ उत्पीड़न हुआ और सरकार अपराधियों में खौफ तक पैदा नहीं कर पाई। यहां चार साल की एक बेटी के साथ दुष्कर्म करके, उसे ब्लेड से गोदा गया। इसके बाद भी सरकार ऐसे दरिंदों में कोई खौफ पैदा कर पाने में फेल हो रही है। अगर जिम्मेदार पदों पर बैठे हुए लोग, अपराधियों को सजा नहीं दे पा रहे हैं तो उन्हें भी अपने पद से मुक्त कर देना चाहिए। इसलिए हमने ठाना है कि सरकार को महिला सुरक्षा का मामला हल्के में नहीं लेने देंगे। इस मामले में सरकारों की जिम्मेदारी हम तय करेंगे।

# खेल प्रतियोगिताओं में छात्रों ने प्रतिभा दिखाई

ट्रांस हिंडन । मेवाड़ अभिव्यक्ति-2025 के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने खेलकूद प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। क्रिकेट, जैवलिन थ्रो, शॉटपुट, और विभिन्न दौड़ स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ अशोक कुमार गदिया ने कहा कि खेल और व्यायाम से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है, जो जीवन में सफलता की कुंजी है। इस मौके पर डॉ. अलका अग्रवाल, करुण कौशिक, विक्रांत तोमर, प्रवीण तेवतिया, अमित पाराशर सहित अन्य स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे। खेलों के परिणाम में सौ मीटर दौड़ में अमित कुमार और प्रतिभा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में रोमित और प्रतिभा तिवारी ने जीत हासिल की। शॉटपुट में वाणी राणा, जैवलिन थ्रो में प्रेरणा बिष्ट और पुनीत कसाना ने जीत दर्ज की। क्रिकेट में एमएलआई ने एमआईएम को मात दी।

# भाजपा नेता अवधेश कुमार ने की खुदकुशी




नई दिल्ली । उत्तर-पूर्वी जिला के भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व जोन चेयरमैन ठाकुर अवधेश कुमार ने यमुना विहार स्थित जिला कार्यालय में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मंगलवार सुबह पार्टी कार्यकर्ता कार्यालय पहुंचे तो उन्हें दरवाजा अंदर से बंद मिला। मामले की सूचना भजनपुरा पुलिस को दी गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर देखा तो अंदर पंखे से उनका शव लटका हुआ था। मामले की सूचना क्राइम टीम के अलावा एफएसएल को दी गई। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस का कहना है कि अवधेश के पास एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें उन्होंने कर्ज न उतार पाने की वजह से यह कदम उठाने की बात लिखी है। पुलिस ने मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। भजनपुरा पुलिस मामले की जांच कर कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उनके परिजनों से भी इस संबंध में पूछताछ की जाएगी। पुलिस ने उनका मोबाइल फोन को जांच के लिए कब्जे में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक अवधेश कुमार परिवार के साथ तुकमीरपुर में रहते थे। परिवार में पत्नी सुधा के अलावा बेटा संजय और एक बेटी है। अवधेश मंगलवार सुबह किसी को बिना कुछ बताए घर से निकल गए थे। इसके बाद वह जिला कार्यालय पहुंचे। सुबह करीब 11 बजे कार्यकर्ता दफ्तर पहुंचे तो वह अंदर से बंद था। मामला संदिग्ध लगने पर पुलिस को खबर दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला। फिलहाल पुलिस पूर मामले की जांच कर रही है।

# बुक एक्सचेंज मेले का पहला चरण 22 मार्च से शुरू

गाजियाबाद । गाजियाबाद पैरेंट्स एसोसिएशन का निशुल्क बुक एक्सचेंज मेला 22 मार्च से लगने जा रहा है। इस बार मेला तीन के बजाए दो चरणों में लगेगा, जहां अभिभावक तथा छात्र अपनी पुरानी किताबों तथा कॉपियों को आपस में निशुल्क बदलकर लाभ उठा सकते हैं। संगठन की बैठक में इसकी घोषणा की गई। बैठक का आयोजन शास्त्री नगर स्थित कार्यालय में हुई। एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी ने बताया कि बुक एक्सचेंज मेले का पहला चरण 22 एवं 23 मार्च को शास्त्रीनगर के लाल बहादुर शास्त्री हॉकी स्टेडियम में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। जबकि दूसरा चरण 30 मार्च को यॉर्क ग्राउंड, करकड़ मोड़, राधा कुंज, डेल्टा कालोनी में सुबह नौ बजे से आयोजित किया जाएगा। मेले में अभिभावक तथा छात्र आपस में अपनी पुरानी किताब-कॉपियों के बदले अगली कक्षाओं की किताब-कॉपियों से आपस में बदल सकते हैं। इसके अलावा अपनी प्रतियोगी परीक्षा, कॉमिक, जूते-मौजे और ड्रेस आदि भी बदल सकते हैं। जो सक्षम हैं वह अपनी किताबें और अन्य सामान दान भी कर सकते हैं। यह पुस्तक एकदम निशुल्क है। संगठन ने ज्यादा से ज्यादा अभिभावकों से मेले में आकर लाभ उठाने की अपील की है तथा दूसरे संगठनों से भी इसी तरह की मुहिम के लिए आगे आने का आह्वान किया है। एसोसिएशन सचिव अनिल सिंह ने कहा कि इस तरह से जहां अभिभावकों को आर्थिक रूप से सहायता मिलेगी वहीं दूसरी तरफ कागज के लिए पेड़ों की अंधाधुंध हो रही कटाई से पर्यावरण को जो नुकसान पहुंच रहा है उसे कम करने में भी मदद मिलेगी। संगठन की तरफ से यह मेला पिछले आठ सालों से लगाया जा रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में अभिभावक शामिल होते हैं और लाभ उठाते हैं। संगठन की बैठक में पवन शर्मा, कौशलेंद्र सिंह, साधना सिंह, नवीन राठौर, कौशल ठाकुर, धर्मेंद्र यादव, विवेक त्यागी मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त सहायक पर्यवेक्षक को दी विदाई



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय) ।सेवानिवृत्त सहायक पर्यवेक्षक और एजीयूपी सहकारी समिति के पूर्व कल्याण मंत्री, सचिव प्रदीप कुमार यादव को एजी ब्रदरहूड की ओर से विदाई दी गई। गवर्नमेंट प्रेस के सभागार में रविवार को आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने प्रदीप कुमार यादव को स्मृति चिह्न भेंट किया। समारोह में शिव कुमार पाठक, सुभाष चंद्र पांडेय, हरिशंकर तिवारी, दिनेश कुमार पांडेय, आयशा राणा, गीता सिंह, रामसुमेर, ध्रुव नारायण, घनश्याम यादव, बीके पांडेय, बशीर अहमद, केके पांडेय, नन्हू लाल पांडेय, गौतम त्रिपाठी, मनोज श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव, शशिभूषण पांडेय, शिवाकांत, संजय ओझा, ओमप्रकाश पाल, अरविंद पाल, राकेश यादव, राजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## आज जयकाला देवी स्कूल में लगेगा ॐ ब्रह्म दरबार साधना केंद्र का दिव्य दरबार



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय) ।हर माह की तरह आगामी पांच मार्च को जयकाला देवी स्कूल पांडर जसरा में ॐ ब्रह्म दरबार साधना केंद्र का दिव्य दरबार लगेगा। जयशंकर महराज ने बताया कि हमारा मकसद मानसिक रूप से ग्रस्त रोगी की समस्याओं को दूर करना है, हमारा उद्देश्य यही रहता कि कोई भी भक्त अगर दरबार में अर्जी लगाता है तो उसको पूरी तरह से आराम मिले। दरबार में गुजरात, मुंबई, बनारस, दिल्ली, चंदौली से जो भी भक्त दरबार में आएंगे उनके ठहरने की व्यवस्था जयकाला देवी स्कूल के प्रबंधक और आयोजक दीपक त्रिपाठी की ओर से किया गया है।

## निर्माणाधीन सभी काम गुणवत्ता के साथ पूरा कराएं



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय) ।मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने विकास भवन में सभी खंड विकास अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले की परियोजनाओं के बारे में व्यापक जानकारी दी। बैठक में परियोजना निदेशक जिला ग्राम विकास अभिकरण अशोक कुमार मौर्य, उपायुक्त, मनरेगा सहित तमाम अफसर मौजूद रहे। सीडीओ ने मनरेगा, प्रधानमंत्री और आवास योजना, मनरेगा, पंचायत भवन व सामुदायिक शौचालयों के निर्माण के बारे में जानकारी ली। साथ ही आईजीआरएस की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी निर्माण कार्य हो रहे हैं, वो समय से पूरे कराए जाएं। साथ ही आईजीआरएस पर आई शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक तरीके निस्तारण हो। लापरवाही होने पर जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की जाएगी।

## तीन दिन के भीतर व्यवस्थाएं कराएं दुरुस्त



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय) ।जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने त्योहारों को देखते हुए अफसरों को तीन दिन में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए कहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि आगामी सात मार्च तक शहर में जो भी काम हैं, उसे पूरा करा लिया जाए। जिससे लोगों को समस्या न हो। पीडीए, नगर निगम और लोक निर्माण विभाग को सड़कों को दुरुस्त करने के लिए कहा है। वहीं बिजली विभाग को तारों को ठीक करने और नगर निगम व पंचायती राज विभाग को स्वच्छता के लिए व्यापक अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी मजिस्ट्रेटों को सात मार्च को अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर, उनकी रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

## वजन बढ़ता जाएगा तो सेहत घटती जाएगी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय) ।बदलती जीवन शैली से मोटापा की समस्या भी बढ़ रही है। वजन बढ़ने का असर सेहत पर भी पड़ रहा है। हालांकि लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर काफी जागरूक हैं,लेकिन मोटापा को घटाने के प्रति जागरूकता कम है। डॉक्टरों का कहना है कि हम रोज, जितनी कैलोरी भोजन के रूप में लेते हैं और शरीर जब उतना खर्च नहीं कर पाता तो अतिरिक्त कैलोरी वसा के रूप में जमा होने लगती है, जो मोटापे का कारण बनता है। मोटापा धीरे-धीरे दिनचर्या को खराब करने लगता है। वजन बढ़ने के साथ सेहत घटने लगती है। मोटापा के कारण टाइप टू डायबिटीज, हृदय रोग, बीपी, फैटी लिवर, जोड़ों में दर्द, सांस लेने में तकलीफ आदि बीमारियां बढ़ने लगती हैं। चिल्ड्रेन अस्पताल की बाल रोग विशेषज्ञ डॉ मनीषा मौर्या के अनुसार मोटापा की समस्या बड़ों के साथ बच्चों में भी काफी बढ़ रही है। बचपन में ही यदि मोटापा को नियंत्रित कर लिया जाय तो बाद में परेशानी नहीं होती। डॉ मनीषा के अनुसार बच्चों में मोटापा के बाहरी और आंतरिक कारण होते हैं। इसमें 90 से 95 फीसदी बाहरी और पांच से 10 फीसदी आंतरिक होते हैं।

## त्योहारों को लेकर लालापुर थाने में पीस कमेटी की बैठक- पुलिस उपद्रवियों को कर रही चिन्हित, लोगों से शांति से त्योहार मनाने की अपील




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज (संजीत कुमार उपाध्याय) ।लालापुर थाने में मंगलवार को होली और रमजान को लेकर पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बारा सीओ संतलाल सरोज और थाना प्रभारी अजय मिश्रा निरीक्षक इंद्रेश कुमार ने की प्रशासन अराजकता फैलाने वालों की कर रहा शिनाख्त होलिका दहन के लिए उपयुक्त जगह पर ही रखे इस पर विशेष ध्यान रखना होगा कि होलिका दहन के ऊपर कोई विजली का तार न हो न ही कोई मकान नजदीक हो जिससे किसी का नुकसान हो हिन्दू मुस्लिम दोनों समुदायों को आपस में मिलजुलकर शांतिपूर्ण तरीके से त्योहारों को मनाने के लिए कहा जिससे आपसी भाईचारा बना रहे सभी के विचारों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए थाना प्रभारी अजय मिश्रा ने कहा कि यदि किसी को किसी प्रकार की कोई समस्या आती है। तो तत्काल सीयूजी नम्बर पर सूचना दे यदि कोई भी व्यक्ति त्योहार में माहौल खराब करता है। तो उसके साथ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में ग्राम प्रधान, प्रमुख नागरिक और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भाग लिया। सीओ संतलाल सरोज ने कहा कि त्योहार भाईचारे का प्रतीक हैं। लोग एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर खुशियां मनाते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व त्योहारों में खलल डालने की कोशिश करते हैं। प्रशासन ऐसे लोगों को चिह्नित कर रहा है। लालापुर थाना प्रभारी अजय मिश्रा ने बताया कि रमजान का पवित्र महीना शुरू हो गया है। होली 13 मार्च को है। उन्होंने कहा कि उपद्रवियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। ये लोग उपस्थित रहे बैठक में ग्राम प्रधान पडुंवा दीपेश मिश्रा,राजू प्रधान अंमिलिया,राजू प्रधान सेमरी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। अल्पसंख्यक मोर्चा से वाजिद,अबरार,ईबरार खान, सहित कई प्रमुख लोगों ने हिस्सा लिया।

## प्रयागराज में 7 साल की बच्ची की लाश मिली- घर के पास खेत में पड़ी, अफसर पहुंचे, सौतेली मां पर हत्या का शक होने पर पूछताछ

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



प्रयागराज (संजीत कुमार उपाध्याय) ।प्रयागराज के यमुनापार इलाके के करछना में 7 साल की बालिका की हत्या कर लाश फेंक दी गई। लड़की का शव गेहूं के खेत में पाया गया। भिटार गांव के रहने वाले पिंटू भारतीया की बेटी शिवानी का शव सोमवार को मिलने से सनसनी फैल गई। बेटी का शव देखकर परिवार बिलखने लगे। मौके पर एसीपी मेजा रवि गुप्ता, थाना प्रभारी कृष्ण मोहन सिंह व चौकी प्रभारी भीरपुर अमित सिंह पुलिस टीम के साथ पहुंचे ।मामले की जांच पड़ताल जारी है। फारेंसिक व डॉग स्क्वाड टीम ने भी पहुंच जांच की ।पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पिता पिंटू भारतीय का कहना है कि सौतेली मां से आए दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता है ।पुलिस को आशंका है कि सौतेली मां ने कुछ किया हो सकता है। देर शाम को डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव ने घरवालों से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि घटना के संबंध में घरवालों से बात कर बहुत सारे तथ्य जुटाए जा रहे हैं। जल्द ही घटना का अनावरण कर दिया जाएगा।

शिवानी तीन बहनों में दूसरे नंबर की लड़की थी। बड़ी बहन संध्या, सबसे छोटी बहन चंचल व एक भाई अंशु सबसे छोटा है।

# कार सवारों ने पार्क के बाहर खड़े युवक को बेल्ट से पीटा

ग्रेटर नोएडा । कार सवारों ने सेक्टर स्वर्ण नगरी में पार्क के बाहर खड़े युवक को सड़क पर गिराकर बेल्ट से बेरहमी से पीटा। पीड़ित के भाई की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके नाबालिग साथी को अभिरक्षा में लिया गया है। सेक्टर स्वर्ण नगरी में हिमांशु परिवार के साथ रहता है। परिजनों ने बताया कि हिमांशु सोमवार को डेयरी से दूध लेने गया था। वह पार्क के पास अपने दोस्तों के साथ खड़ा था। इसी बीच कार सवार तीन युवक वहां पहुंचे और बिना वजह हिमांशु को पीटना शुरू कर दिया। हिमांशु के साथ बेल्ट से मारपीट की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में आरोपी हिमांशु को सड़क पर गिराकर बेल्ट से पीटते दिखाई दे रहे हैं। मारपीट के बाद आरोपी पीड़ित को धमकी देकर भाग गए। परिजनों का कहना है कि हिमांशु के एक दोस्त का आरोपियों से रुपये का लेनदेन है। दोस्त के विवाद के चलते हिमांशु के साथ मारपीट की गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए आरोपी मुकुल और अरुण को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस का कहना है कि उनके एक नाबालिग साथी को अभिरक्षा में लिया गया है।

# कलेक्ट्रेट पर किसान संघर्ष मोर्चा की महापंचायत आठ को

ग्रेटर नोएडा । किसान संघर्ष मोर्चा ने आठ मार्च को कलेक्ट्रेट पर महापंचायत का ऐलान किया है। यह निर्णय मंगलवार को मोर्चा से जुड़े किसान संगठनों की हुई बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। महापंचायत में समस्याओं के समाधान के लिए आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

गांवों में पंचायत कर लोगों को जागरू किया जाएगा। शासन स्तर पर गठित हाई पावर कमेटी की सिफारिशों को लागू न किए जाने पर रोष व्यक्त किया है। किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ रूपेश वर्मा ने कहा कि आंदोलन के बाद 6 जनवरी को किसान संघर्ष मोर्चा के नेताओं की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात हुई थी, जिसमें मुख्यमंत्री ने किसानों की सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया था। प्राधिकरण व प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया था कि हाई पावर कमेटी की सिफारिश को तुरंत लागू करें। जिलाधिकारी से कई बार कहने के बाद भी हाई पावर कमेटी की सिफारिश पर कोई सकारात्मक बातचीत प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ नहीं हो पाई है। किसान संघर्ष मोर्चा के तीनों घटक संगठन किसानों की समस्याओं को लेकर गंभीर हैं। किसान संघर्ष मोर्चा ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है कि 8 मार्च को कलेक्ट्रेट पर महापंचायत कर समस्याओं के समाधान के लिए आगे की रणनीति बनाएंगे। बता दें कि किसान संगठन आबादी भूखंड, भूमि अधिग्रहण के नए कानून, 10 फीसदी विकसित भूखंड आदि मांगों को लेकर पिछले लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं।

इन समस्याओं के निस्तारण के लिए ही हाई पावर कमेटी गठित की गई थी। बैठक में भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा, किसान एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान, जयप्रकाश आर्य, वीर सिंह, कुंवरपाल प्रधान, सतीश यादव, दुर्गेश शर्मा, कृष्ण यादव, भोजराज रावल, प्रवीण चौहान, संदीप चौहान, अशोक भाटी, गुरप्रीत एडवोकेट, गोपी राम,ओमवीर पवार,धर्मेंद्र एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

# वार्ता करने पहुंचे मैनेजर और उसके साथी से मारपीट

नोएडा । सेक्टर-62 पार्किंग में मामूली विवाद में एचआर मैनेजर और उसके साथी को चार लोगों ने लात और घूसों से पीटकर घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने किसी तरह दोनों की जान बचाई। सेक्टर-58 थाने में इस मामले में केस दर्ज कराया गया है। कंपनी के मैनेजर रवि सिंह चौहान ने पुलिस को शिकायत दी कि उनकी कंपनी नोएडा में डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने का कार्य करती है। सोमवार को दोपहर 12 बजे अपनी मांगों को लेकर नरेश, गुरदीप, पंकज और साधु मकवाना उर्फ धीरज समेत अन्य कर्मचारी हड़ताल कर रहे थे। जैसे ही इसकी सूचना मिली तो वह अपने साथी प्रभुल्ल कुमार के साथ वार्ता करने के लिए सेक्टर-62 पार्किंग पहुंचे। वार्ता के दौरान ही चारों गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर चारों ने रवि और प्रभुल्ल को लात और घूसों से पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर लोग मौके पर एकत्र होने लगे। इतने पर भी आरोपी नहीं माने और दोनों के साथ मारपीट करनी चालू रखी। आरोपियों ने दोनों को जान से मारने की धमकी दी। आसपास के लोगों ने किसी तरह आरोपियों को संभाला। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपियों ने सीसीटीवी कैमरा भी तोड़ दिया।

पुलिस ने इस मामले में नरेश, गुरदीप, पंकज और साधु के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। नामजद आरोपियों से पूछताछ करने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

## प्रयागराज में कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत- फाफामऊ में बाइक में लगी टक्कर, गुस्साए लोगों ने जाम की सड़क



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय) ।गंगापार के फाफामऊ इलाके में सोमवार रात कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया ।फाफामऊ पुलिस ने कार चालक की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। साथ ही युवक के परिजनों को सरकारी मदद दिलाने के आश्वासन पर जाम खुला ।फाफामऊ के गोहरी गांव का 24 वर्षीय बच्चेलाल सोमवार शाम मोबाइल रिचार्ज कराने के लिए बाइक से बाजार गया था। गांव के सामने सड़क पर पीछे से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बच्चेलाल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घरवाले उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घरवाले उसका शव लेकर गांव लौटे। सड़क पर शव रखकर जमा लगा दिया। फाफामऊ थाना प्रभारी अश्वनी कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर नाराज लोगों को शांत कराया। काफी मान मनौव्वल के बाद लोगों ने जाम खत्म किया।

## उत्कृष्ट सेवाओं के लिए नवाजे गए शिक्षक-कर्मचारी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय) ।सीएमपी डिग्री कॉलेज के हीरक जयंती वर्ष के अंतर्गत आयोजित विविध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का समापन सोमवार को हुआ। मुख्य अतिथि कायस्थ पाठशाला के अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार सिन्हा रहे। प्राचार्य प्रो. अजय प्रकाश खरे ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अगले चरण की स्मारिका का विमोचन हुआ।

डॉ. गोविन्द गौरव की पुस्तक कौटिल्य सिद्धांत- अन्तर्राष्ट्रीय संबंध के अध्ययन की भारतीय ज्ञान परंपरा का विमोचन हुआ। इसी क्रम में वनस्पति विभाग की पत्रिका बोटानिका एवं डॉ. नम्रता प्रसाद की पुस्तक का भी विमोचन किया गया ।इस अवसर पर रिटायर शिक्षकों में डॉ. भूपेंद्र बजाज, डॉ. सुनंदा दास, डॉ. राजेंद्र श्रीवास्तव, शिक्षणेतर कर्मचारियों में विनोद कुमार सिंह, विजय देवी, वीरेंद्र कुमार सिंह को सम्मानित किया गया। शिक्षा विभाग के डॉ. जितेंद्र कुमार और भौतिकी विभाग की डॉ. संगीता सिंह को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए भी सम्मानित किया गया। तृतीय श्रेणी कर्मचारियों में पंकज श्रीवास्तव और धीरज रावत को तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में विधि विभाग के गया राम और भौतिकी विभाग के बालचंद को भी सम्मानित किया गया। प्रो. पंकज कुमार, प्राचार्य प्रो. आनंद शंकर सिंह, प्राचार्य प्रो. अंजना श्रीवास्तव, प्राचार्य प्रो. आशिमा घोष, अनुराधा श्रीवास्तव, प्रो. संतोष भदौरिया, प्रो. सरिता श्रीवास्तव, प्रो. एसपी सिंह, डॉ. आकांक्षा पाल, डॉ. दीप्ति विष्णु, डॉ. अनंत श्रीवास्तव, प्रो. आभा त्रिपाठी आदि मौजूद रहीं।

## बाजार से घर लौट रहे दंपति पर जानलेवा हमला

नोएडा । मोरना गांव में बाजार से घर लौट रहे दंपति को गाली-गलौज का विरोध करना भारी पड़ गया। आरोपी ने अपने दो साथियों संग मिलकर दंपति पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में घायल महिला के पति का अस्पताल में उपचार चल रहा है। घायल के भाई की शिकायत पर पुलिस ने एक नामजद समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोरना गांव निवासी योगेश कुमार ने पुलिस को बताया कि वह मूलरूप से हाथरस जिले के गांव नगला बिहारी के रहने वाले हैं। उनके बड़े भाई नीटू कुमार और उनकी पत्नी ममता देवी 20 फरवरी की शाम बाजार से सब्जी खरीदकर घर जा रहे थे। रास्ते में मोरना निवासी मूला मिल गया। उसके साथ दो और लोग थे। आरोपियों ने रास्ते में गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि नीटू ने गाली-गलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने नीटू और उनकी पत्नी के साथ मारपीट की। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल उनके भाई को अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# ऑटो की टक्कर से महिला की मौत




नोएडा । सेक्टर-67 में तेज रफ्तार ऑटो ने ड्यूटी जा रही महिला को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उपचार के दौरान घायल महिला की मौत हो गई। मृतक महिला के पति ने फेज-3 थाने में अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। गढ़ी मंडी निवासी बबन पासवान ने पुलिस को शिकायत दी कि उनकी पत्नी रिंकू देवी सोमवार सुबह घर से ड्यूटी जा रही थी। जब वह सेक्टर-67 स्थित डीएस ग्रुप के पास पहुंची तो तेज रफ्तार ऑटो ने रिंकू देवी को टक्कर मार दी।

सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगने के कारण रिंकू देवी बेहोश हो गईं। उनको अस्पताल पहुंचाने की बजाय आरोपी चालक ऑटो लेकर भाग गया। राहगीरों ने जब महिला को सड़क पर तड़पते हुए देखा तो उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

वहां से उसे जिला अस्पताल के लिए भेज दिया गया।

उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। पुलिस फरार ऑटो चालक की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

# गाली गलौज का विरोध करने पर बेल्ट से पीटा

ग्रेटर नोएडा । जेवर क्षेत्र के थोरा गांव में गाली गलौज का विरोध करने पर दो आरोपियों ने बेल्ट से युवक के साथ मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक नरेश कुमार की शिकायत पर आरोपी नितिन और आशु के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। नरेश का आरोप है कि रविवार को उसका छोटा भाई धर्मेंद्र खेत की तरफ जा रहा था। इसी बीच आरोपी धर्मेंद्र से गाली गलौज करने लगे। धर्मेंद्र ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे बेल्ट से बुरी तरह पीटा। इसके बाद आरोपी धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने घर जाकर घटना के बारे में बताया। इसके बाद घटना की शिकायत पुलिस से की गई। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि नरेश की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# निर्माणाधीन मकान के सेप्टिक टैंक में बच्चा गिरा, डूबने से मौत

नोएडा । उत्तर प्रदेश के दादरी थाना क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान में बने सेप्टिक टैंक में भरे पानी में खेलते समय आठ साल का बच्चा गिर कर डूब गया

जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बच्चे के परिजनो ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दादरी थाने में दर्ज करवायी थी। दादरी थाने के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि बच्चे के पिता राहुल ने बताया कि रविवार शाम को उनका 8 वर्षीय बेटा विधान घर से खेलने के लिए निकला था, लेकिन वह देर रात तक घर नहीं आया। उन्होंने बताया कि इसके बाद परिजनो ने उसकी तलाश शुरू की, और उसकी गुमशुदगी थाना दादरी में दर्ज करवाई। उन्होंने बताया कि सोमवार को तलाशी के दौरान मकान में बने गड्ढे मे बच्चे का शव दिखाई दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



# क्षत्रिय महासभा के लोगों ने किशनपुर ठकुरान में वैवाहिक समारोह में दी शुभकामनाएं




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ साथी अरवेश सिंह राघव किशनपुर ठकुरान की भतीजी के वैवाहिक समारोह में अनेक गणमान्य नेता, समाजसेवी और क्षत्रिय समाज के प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री डॉ. चंद्रमोहन, भाजपा नेता ठाकुर सुनील सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा अनिल सिसोदिया, पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर राकेश भाटी, अश्वनी ठाकुर, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा गौड़, पीसीसी सदस्य कांग्रेस रवि लोधी, कुंवर अभय प्रताप सिंह, एडवोकेट आदित्य राघव, एलडीएवी के मुख्य प्रवक्ता अखंड प्रताप सिंह, शिक्षक नेता राजकुमार राघव, मंडल अध्यक्ष भाजपा नेता दिनेश कुशवाहा, सत्येंद्र सिंह प्रधान, ब्रजवीर सिंह राघव ग्राम प्रधान किशनपुर, पालिका अध्यक्ष डिबाई अरुण ठाकुर, सतीश राघव, क्षत्रिय महासभा की सक्रिय सदस्य एडवोकेट सुरेंद्र सिंह राघव, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मेरठ मंडल के महासचिव प्रदीप राघव, अजीत राघव, अशोक प्रधान, हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील राघव, राष्ट्रीय चेतना मिशन से हेमंत सिंह और अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मेरठ मंडल के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने विवाह समारोह में शामिल होकर वर-वधू को आशीर्वाद दिया और परिवार को शुभकामनाएं दीं।

इस भव्य आयोजन में क्षत्रिय समाज के एकजुटता और समर्पण की झलक देखने को मिली। समारोह में शामिल गणमान्य व्यक्तियों ने समाज के उत्थान और संगठन को मजबूत करने पर भी चर्चा की।

# यमुना पूजन के साथ प्रारंभ हुआ अष्ट दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

वृन्दावन।चामुंडा मोड़-परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीशेष नारायण मंदिर (आनन्द धाम आश्रम) में अष्ट दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ प्रारंभ हो गया है।सर्वप्रथम संतों व भक्तों के द्वारा श्रीयमुना महारानी का पूजन-अर्चन किया गया।तत्पश्चात कथा स्थल तक गाजे-बाजे के मध्य श्रीमद्भागवतजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।जिसमें सैकड़ों महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर साथ चल रही थीं। व्यासपीठ पर आसीन श्रीमद्जगद्गुरु विष्णु स्वामी विजयराम देवाचार्य भैयाजी महाराज (बल्लभगढ़ वाले) ने अपनी सुमधुर वाणी के द्वारा समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत के महात्म्य की कथा श्रवण कराते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत मानवीय जीवन के बहुमूल्य सूत्रों और सिद्धांतों की संहिता है।इस ग्रंथ के श्रवण करने से जीवन तो जीवन मृत्यु भी सुख मय बन जाती है।साथ ही इसमें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के सूत्र और सिद्धांत तथा समाधान निहित हैं।उन्हें समझ कर धारण कर जीवन में उतारने की परम् आवश्यकता है। श्रद्धेय भैयाजी महाराज ने कहा कि सदगुरु का आश्रय लिए बिना प्रभु की भक्ति मिलना संभव नहीं है।जिस प्रकार नदी पार करने के लिए नौका की आवश्यकता होती है,उसी प्रकार भवसागर पार करने के लिए एवं प्रभु भक्ति पाने के लिए हमें सदगुरु की परम् आवश्यकता होती है।इसीलिए हमें अपने जीवन में सदगुरु अवश्य बनाने चाहिए।जिससे कि हमारा कल्याण हो सके। महोत्सव में पधारे महामंडलेश्वर स्वामी अरुणदास महाराज (हरिद्वार) एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि श्रीशेष नारायण मंदिर (आनन्द धाम आश्रम) के अध्यक्ष श्रीमद्जगद्गुरु विष्णु स्वामी विजयराम देवाचार्य भैयाजी महाराज (बल्लभगढ़ वाले) धर्म व अध्यात्म की बहुमूल्य निधि हैं।उन्होंने श्रीमद्भागवत, श्रीमद्रामायण एवं अपने उपदेशों के माध्यम से देश-विदेश में प्रभु भक्ति का प्रचार-प्रसार करके असंख्य व्यक्तियों का कल्याण किया है। महोत्सव में कलाधारी बगीची आश्रम के महन्त जयराम दास महाराज, गोरे दाऊजी मंदिर के महन्त प्रहलाद दास महाराज, महन्त रामप्रकाश त्यागी महाराज, महन्त लक्ष्मण दास महाराज, महन्त श्यामदास महाराज, महन्त अभय दास महाराज, महन्त शिवदत्त प्रपन्नाचार्य महाराज, महन्त योगेंद्र दास महाराज (सखी बाबा), महन्त वेदबिहारी दास महाराज, डॉ. राधाकांत शर्मा आदि के अलावा विरक्त वैष्णव परिषद की कार्यकारिणी के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बुलंदशहर- खेत की रखवाली करने गए किसान की झोपड़ी में आग लगने से दर्दनाक मौत

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जनपद बुलंदशहर के अहार थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद ताहरपुर में एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां खेत की रखवाली करने गए किसान की जिंदा जलकर मौत हो गई। किसान देर शाम अपने घर से खाना खाकर खेत पर गया था और वहीं बनी मचान (झोपड़ी) में सो रहा था। रात में झोपड़ी में अचानक आग लग गई, जिससे किसान की मौके पर ही जलकर मौत हो गई। सुबह जब आसपास के लोगों ने झोपड़ी जली हुई देखी तो घटना का पता चला। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रही है, जिसमें हादसा या किसी साजिश की आशंका भी शामिल है। इस घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### यूपी में 8 आईपीएस अफसरों के तबादले, के एजिल रसन बने आईजी डायल 112

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए 8 आईपीएस अफसरों के तबादले किए हैं। नई सूची के अनुसार, के एजिल रसन को आईजी डायल 112 लखनऊ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, मनोज सोनकर को डीआईजी पीएसी वाराणसी सेक्टर बनाया गया है। शगुन गौतम को एसपी पीटीसी सीतापुर नियुक्त किया गया है, जबकि राजेश कुमार सिंह को ज्वॉइंट सीपी वाराणसी का पद सौंपा गया है। देवरंजन वर्मा को डीआईजी रूल मैनुअल बनाया गया है। इसके अलावा, आशीष श्रीवास्तव को डीसीपी पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ नियुक्त किया गया है, जबकि अपर्णा गुप्ता को डीजीपी मुख्यालय से अटैच किया गया है। सूरज कुमार राय को सेनानायक 6 वाहिनी पीएसी मेरठ का प्रभार दिया गया है। इन तबादलों को प्रदेश में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दादरी आगमन को लेकर बैठक आज

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 7 मार्च को दादरी आ रहे हैं, जिसके मद्देनजर जनपद बुलंदशहर से अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक आज दोपहर 3.00 बजे भाजपा जिला कार्यालय, गंगानगर में होगी। इस बैठक को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विकास चौहान संबोधित करेंगे। बैठक में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और अन्य जिम्मेदार सदस्य शामिल होंगे, जो मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर रणनीति तैयार करेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय माहेश्वरी ने सभी कार्यकर्ताओं से समय पर पहुंचने की अपील की है ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके।

### जिला पंचायत अध्यक्ष अंतुल तेवतिया का विज्ञान भवन में सम्मान, नगर में हुआ भव्य स्वागत



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सैय्यद मजहर)। बुलंदशहर की जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अंतुल तेवतिया को विज्ञान भवन, दिल्ली में सम्मानित किए जाने पर नगर में भव्य स्वागत किया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के अवसर पर पंचायत राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डॉ. अंतुल तेवतिया को सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के तहत सम्मानित किया गया। उनके सम्मानित होने की खबर मिलते ही नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। उनके नगर आगमन पर नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश तेवतिया के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कुराना टोल प्लाजा पर फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद, अपने काफिले के साथ डॉ. अंतुल तेवतिया जब अपने आवास पर पहुंचीं, तो वहां भी भारी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने उनका अभिवादन किया। इस स्वागत कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश तेवतिया, जिला पंचायत सदस्य मंगल सिंह, जितेंद्र सिंह, अभिषेक प्रधान, किरण पाल सिंह, ओंकार सिसोदिया, प्रवेश तेवतिया, मदनपाल सिंह, सभासद अनिमेष अगस्तिन, रविंद्र सिंह, राजेश सागर, भूपेंद्र सिंह धनखड़, अजय गर्ग, विकास तेवतिया, प्रशांत तेवतिया, विपिन तेवतिया, अमरीश गोयल, अनिल सिंघल, कुलदीप नायर, गौरव तेवतिया, कपिल तेवतिया, शोभित गर्ग, चिराग नगर, नरेंद्र चौधरी, मां कंसल, निक्कू प्रधान, ललित तेवतिया, जितेंद्र सिंह, मुकेश कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से डॉ. अंतुल तेवतिया का अभिनंदन किया और उनके नेतृत्व की सराहना की। इस सम्मान को बुलंदशहर के लिए गर्व की बात बताते हुए नगरवासियों ने खुशी जाहिर की।

### जम्मू-कश्मीर के शोपियां में दुकानों और घरों में लगी भीषण आग

शोपियां । जम्मू-कश्मीर के शोपियां में घरों और दुकानों में आग लगने की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि शोपियां के टाक मोहल्ला में स्थित कई घरों और दुकानों में भीषण आग लगी है। आग इतनी भीषण है कि दर्जनों घर, दुकानें और कॉम्प्लेक्स जलकर खाक हो गए हैं। पता चला है कि दुकानों और घरों में आग अभी भी लगी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंच गई है। दमकल और पुलिस की टीमें भीषण आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही हैं। हालांकि, आग लगने की वजह का पता नहीं चल पाया है और आग को बुझाने का प्रयास जारी है। इससे पहले 25 जनवरी को जम्मू-कश्मीर में पुंछ जिले के मेंढर में सब डिवीजन में स्थित उप जिला अस्पताल के एक पुराने कॉम्प्लेक्स में आग लग गई थी। जिसमें दो कमरे पूरी तरह से जलकर खाक हो गए थे। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट था।

# दिल्ली की नवनियुक्त सरकार दिव्यांगों के हित में लेगी निर्णय- अभिनव ठाकुर



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर में नवोदय दिव्यांग सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिनव ठाकुर ने दिल्ली के दिव्यांगों की समस्याओं और मांगों को लेकर नवनियुक्त मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दिव्यांगों के लिए आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा, जिसमें बैटरी ट्राइसाइकिल, पेंशन में बढ़ोतरी, रोजगार के अवसर और पीएम आवास योजना में दिव्यांगों के लिए आरक्षण जैसी मांगें शामिल रहीं। इस महत्वपूर्ण बैठक में देवेंद्र गौर (जिला कोषाध्यक्ष), निशा सिंह (महिला मोर्चा मंत्री), मेनुका गौर (जिला उपाध्यक्ष), दिव्यांग सदस्य छन्नूलाल यादव, विपिन सोलंकी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। अभिनव ठाकुर ने बताया कि मुलाकात सकारात्मक रही और मुख्यमंत्री ने सभी मांगों को समीक्षा बैठक में रखने और विशेष रूप से विचार करने का आश्वासन दिया। इस पहल से दिव्यांगों को उनके अधिकारों और सुविधाओं के प्रति जागरूकता बढ़ने की उम्मीद है।

# भारतीय किसान संघ का स्थापना दिवस मनाया तहसील मनोहर थाना के कार्यकर्ताओं ने





मीना देवी, उजाला हितैषीएक्सप्रेस, ब्यूरो चीफ राजस्थान।

भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने मनोहर थाना तहसील परिसर में किसान भवन में 4 मार्च 2025 को भारतीय किसान संघ का स्थापना दिवस मनाया किसानो की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए मनोहर थाना में भारतीय किसान संघ अध्यक्ष बालचंद लोधा की अध्यक्षता में उपखंड अधिकारी को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सोपा। नवीन कृषि उपज मंडी में सुविधाओं की मांग व क्रय विक्रय समिति की स्थापना सहित आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर क्षेत्र के किसान व भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी जिला राजस्व प्रमुख राजेंद्र वर्मा, तहसील अध्यक्ष बालचंद लोधा, तहसील मंत्री नेमीचंद लोधा,तहसील सह मंत्री हरिमोहन मीणा,

तहसील उपाध्यक्ष पप्पू लाल तंवर ,पंचायत प्रभारी रंग लाल मीणा जमनालाल मीणा, बलवीर पारैता, राम कल्याण सेन, कन्हैया लाल नागर , इत्यादि पदाधिकारी व सदस्य , किसान, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान से ही आज की पीढ़ी खुली हवा में स्वतंत्र जीवन जी रही है - पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

वृन्दावन।शहीद लक्ष्मण भवन में परमार्थ निकेतन (ऋषिकेश) के सहयोग से वृंदा फाउंडेशन ट्रस्ट और हरिहर योग, निमाई पाठशाला के संयुक्त तत्वावधान में तृतीय अंतर्राष्ट्रीय योग उत्सव विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ प्रारंभ हुआ।सर्वप्रथम श्रीनाभापीठ सुदामा कुटी के अध्यक्ष श्रीमज्जगद्गुरु स्वामी सुतीक्ष्णदास देवाचार्य महाराज के द्वारा शहीद लक्ष्मण की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया।तत्पश्चात निंबार्क स्कूल के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।साथ ही कान्हा माखन पब्लिक, मथुरा के विद्यार्थियों ने श्रीमती कीर्ति शर्मा एवं प्रयास संस्था के अध्यक्ष अभय वशिष्ठ के नेतृत्व में शहीद लक्ष्मण के जीवन पर नाटक मंचन किया।

इसके अलावा वृंदा फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा राजेन्द्र सिंह केशोरिया के नेतृत्व में आए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के करीब 60 उत्तराधिकारियों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पधारे दिल्ली के पूर्व सासंद रमेश बिधूड़ी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारजनों व उत्तराधिकारियों को सम्मानित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान की वजह से ही आज की पीढ़ी भारत में खुली हवा में जीवन जी रही है। कार्यक्रम के अंतर्गत के.डी. डेंटल कॉलेज, मथुरा के द्वारा डॉ. मनीष भल्ला के नेतृत्व में चिकित्सा शिविर लगाया गया।जिसमें कई रोगियों का परीक्षण कर उन्हें औषधि उपलब्ध कराई गई। समारोह में उमेश सिरोही, भागवताचार्य मारुति नंदन वागीश महाराज, डॉ. मेघना चौधरी, मनोज गोयल, पण्डित उदयन शर्मा, प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, अरुण गोयल, आशुतोष गुप्ता, सत्यभान शर्मा, राम सिंह, चंद्रप्रकाश द्विवेदी, पार्षद शंशाक शर्मा, डॉ. राधाकांत शर्मा, सतीश मिश्रा, श्रीमती संध्या मिश्रा, जगदीश चौधरी, संजय पाठक आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।संचालन मुख्य संयोजक डॉ. देव प्रकाश व निंबार्क विद्यालय के प्रधानाचार्य ब्रज किशोर त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया।

# सीआईएसएफ के स्थापना दिवस पर एक नई पहल - सुरक्षित तट, समृद्ध भारत विषय के साथ साइकिल यात्रा का आयोजन




मीना देवी, उजाला हितैषीएक्सप्रेस, ब्यूरो चीफ राजस्थान।

कोटा / चेन्नई 04 मार्च 2025, सीआईएसएफ अपने 56 वें स्थापना दिवस को एक नई पहल के साथ मनाने जा रहा है- सुरक्षित तट, समृद्ध भारत। यह एक अनूठी साइकिल रैली होगी, जो भारत की मुख्य भूमि तटरेखा को पार करते हुए 6,553 किलोमीटर का रास्ता तय करेगी। साइकिल चालक दल एक साथ इस असाधारण यात्रा पर निकलेंगे। एक दल कच्छ, गुजरात (पश्चिमी तट) के लखपत किले से यात्रा शुरू करेगा, जबकि दूसरा दल दक्षिण 24 परगना, पश्चिम बंगाल (पूर्वी तट) के बक्खाली से अपनी यात्रा प्रारंभ करेगा 25 दिनों तक भारत की तटीय सड़कों पर यात्रा करने के बाद, दोनों दल 31 मार्च, 2025 को तमिलनाडु के कन्याकुमारी स्थित प्रतीकात्मक विवेकानंद रॉक मेमोरियल में एकत्रित होंगे। यह महत्वाकांक्षी अभियान केवल शारीरिक सहनशक्ति का प्रदर्शन नहीं है; यह तटीय सुरक्षा के प्रति सीआईएसएफ की प्रतिबद्धता और भारत की आर्थिक समृद्धि की सुरक्षा में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में एक सशक्त सन्देश है भारत की व्यापक तटरेखा, जिसमें 72 प्रमुख बंदरगाहों सहित 250 से अधिक बंदरगाह हैं, मात्रा के हिसाब से राष्ट्र के 95त्न व्यापार और इसके अधिकांश तेल आयात को संभालती है ये बंदरगाह व्यापार के महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार हैं और रिफाइनरी, शिपयार्ड और परमाणु ऊर्जा संयंत्रों सहित महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का घर हैं, जिससे उनकी सुरक्षा सर्वोपरि हो जाती है। रैली का उद्देश्य है- तटीय समुदायों को संवेदनशील बनाना- नागरिकों को ड्रग्स, हथियारों और विस्फोटकों की तस्करी जैसे संभावित खतरों के बारे में शिक्षित करना और सतर्कता को प्रोत्साहित करना। समुदाय-सुरक्षा एजेंसी साझेदारी को मजबूत करना- अधिक मजबूत सुरक्षा नेटवर्क के लिए स्थानीय समुदायों और सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय को बढ़ावा देना देशभक्ति जगाना- राष्ट्रीय गौरव को प्रेरित करना और स्वतंत्रता सेनानियों, सुरक्षा कर्मियों और उनके परिवारों द्वारा किए गए बलिदानों को उजागर करना। भारत की समृद्ध समुद्री संस्कृति का जश्न मनाना- यह रैली भारत की समृद्ध समुद्री परंपराओं, इतिहास और भूगोल के बारे में जागरूकता फैलाने का एक मंच बनेगी, जिससे तटीय समुदायों और राष्ट्र के लिए उनके योगदान की महत्ता को उजागर किया जाएगा। प्रतिभागी तैयारी और समावेशिता- प्रतिभागी- 14 साहसी महिलाओं सहित कुल 125 सीआईएसएफ कर्मी इस प्रयास में भाग लेंगे जो ताकत और लचीलेपन के संतुलित प्रतिनिधित्व का प्रतीक है सभी प्रतिभागियों ने लंबी दूरी की साइकिल चलाने की मांगों के अनुरूप एक महीने का गहन प्रशिक्षण लिया है जिसमें पोषण, सहनशक्ति और सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया है तैयारी- साइकिल चालकों ने पेशेवर साइकिल चालकों के साथ प्रारंभिक सत्रों में भाग लिया है ताकि लंबी दूरी की साइकिल चलाने की गतिशीलता में अपने कौशल को बेहतर बनाया जा सके, जिसमें बाइक रखरखाव, मुद्रा अनुकूलन और कुशल पैडलिंग तकनीक शामिल हैं। भारत सरकार के माननीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री 7 मार्च, 2025 को इस उल्लेखनीय साइकिल रैली को वर्चुअली हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे इस घटना से राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित होने की उम्मीद है क्योंकि यह तटीय क्षेत्रों में राष्ट्रीय सुरक्षा बनाए रखने में सतर्कता और तत्परता के महत्व को रेखांकित करेगा पांच स्थानों पर प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे- लखपत किला (गुजरात), बक्खाली (पश्चिम बंगाल), गेटवे ऑफ इंडिया (मुंबई), कोणार्क (ओडिशा), और विवेकानंद रॉक मेमोरियल (कन्याकुमारी) में समापन समारोह। इन कार्यक्रमों में सांस्कृतिक प्रदर्शन, सीआईएसएफ कर्मियों के साथ इंटरैक्टिव सत्र और तटीय सुरक्षा के बारे में अधिक जानने के अवसर होंगे सुरक्षित तट, समृद्ध भारत के आंदोलन में शामिल हों सीआईएसएफ सभी को इस ऐतिहासिक साइकिल रैली में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता है, चाहे शारीरिक रूप से या वर्चुअली (https://cisfcyclothon.com/)।

माइक्रोसाइट पर रैली की प्रगति को देखें कार्यक्रमों में भाग लें और तटीय सुरक्षा का संदेश फैलाएं आइए, मिलकर एक सुरक्षित और समृद्ध भारत का निर्माण करें

# बिजली चोरी रोकने के लिए विद्युत विभाग का सघन मीटर चेकिंग अभियान शुरू



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सैय्यद मजहर)।बुलंदशहर के गुलावठी नगर में बिजली चोरी की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए विद्युत विभाग ने सघन मीटर चेकिंग अभियान शुरू किया है। विद्युत विभाग के एसडीओ राधाकृष्णन ने बताया कि यह अभियान 10 दिनों तक जारी रहेगा, जिसमें प्रत्येक घर के मीटर की जांच की जाएगी।

अभियान के तहत मीटर में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या गड़बड़ी की बारीकी से जांच होगी। इसके लिए नगर में दो चेकिंग टीमें बनाई गई हैं, जो घरेलू और व्यावसायिक मीटरों की गहन जांच करेंगी। यदि किसी मीटर में तकनीकी गड़बड़ी या अनियमितता पाई जाती है, तो उसे तुरंत बदला जाएगा। एसडीओ राधाकृष्णन ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अपने विद्युत मीटर से छेड़छाड़ न करें और बिजली चोरी से बचें। उन्होंने उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल जमा करने और चेकिंग अभियान में विभागीय टीम का सहयोग करने की भी अपील की है। इस चेकिंग अभियान में एसडीओ राधाकृष्णन के साथ रामू, सोनू, धर्मेंद्र कुमार, नवनीश कुमार, संविदा कर्मी मनोज सिंह, सहायक अभियंता राजकुमार, जूनियर इंजीनियर धर्मेंद्र, विक्रांत, बंटी वर्मा, शाहनवाज और आदित्य समेत अन्य विद्युत कर्मी शामिल रहेंगे।